* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

9 YEARS

सफलता के 9 वर्ष

रांची 18 जून, 2024, मंगलवार, वर्ष 09, अंक 238, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







## दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी

# हादसे में 9 की मौत, 41 घायल

- शुरुआती जांच में मालगाड़ी के ड्राइवर की गलती नहीं मिली, सिग्नल के पहले ही खराब रहने का खुलासा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दार्जिलिंग।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में 9 लोगों की मौत गयी, जबकि 41 लोग घायल हैं।

सूत्रों के मुताबिक रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर की ओर से मालगाड़ी के ड्राइवर को जारी किये दस्तावेज टीए 912 में उसे सभी रेड सिग्नल पार करने की मंजूरी थी।

कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के पांच डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। हादसे के बाद कुछ ट्रेनों को डायवर्ट किया गया था। दोपहर तक सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गयी।




### रेलवे सुरक्षा आयोग पूरी जांच करेगा : अश्विनी वैष्णव



**दार्जिलिंग (आजाद सिपाही)।** कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दोपहर में दार्जिलिंग पहुंचे। घटनास्थल पर वह बाइक से आये। रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयोग पूरी जांच करेगा। बचाव अभियान समाप्त हो चुका है। अब ध्यान मेन लाइन की बहाली पर है। हम इस दुर्घटना के पीछे के कारण की पहचान करेंगे। रेल मंत्री ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को 10 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपये और मामूली घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में मारे गये लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये मदद का एलान किया गया है।

## झारखंड विस चुनाव को लेकर भाजपा की कवायद तेज

# शिवराज सिंह चौहान बने चुनाव प्रभारी

- असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बनाये गये सह प्रभारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी समय में झारखंड सहित महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में होनेवाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। झारखंड के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रदेश चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी और सांसद बिप्लव कुमार देब को सह प्रभारी, जम्मू कश्मीर के लिए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

बता दें कि पिछले दिनों संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भाजपा ने 14 लोकसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया था, पर उसे नौ सीटों पर ही जीत मिली। 2019 की अपेक्षा पार्टी को तीन सीटों का घाटा हुआ है। एसटी के लिए आरक्षित पांच सीटों पर एनडीए गठबंधन हार गया। इसे देखते हुए अब भाजपा ने पहल की है और इस साल के आखिर तक झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी क्रम में पार्टी ने प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के लिए अपने दो मजबूत चेहरे को जिम्मेदारी दी है। शिवराज चौहान मध्यप्रदेश में लंबे समय तक सीएम रहे और अब केंद्रीय मंत्री हैं। असम के सीएम हिमंत भी बड़े चेहरे के तौर पर पहचान रखते हैं।


# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे बोकारो


- तीन दिनों तक भागवत स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में लेंगे भाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघ चालक मोहन भागवत सोमवार को बोकारो पहुंचे। वह तीन दिनों के प्रवास पर आये हैं। इस दौरान वह विविध कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सोमवार की देर शाम वह सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3सी में आयोजित स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में भाग लेंगे और स्वयंसेवकों को कर्तव्य का पाठ पढ़ायेंगे। जानकारी के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 सी में उत्तर-पूर्व क्षेत्र के स्वयंसेवकों के लिए 20 दिनों का विकास वर्ग आयोजित किया गया है। झारखंड के स्वयंसेवकों के लिए संघ शिक्षा वर्ग 11 जून से शुरू हुआ है। दोनों प्रशिक्षण वर्गों का एक साथ समापन 26 जून की शाम को होगा। समापन समारोह में मुख्य वक्ता आरएसएस के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार होंगे। संघ के प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड के करीब 350 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। वहीं, कार्यकर्ता विकास वर्ग-एक में झारखंड तथा उत्तर एवं दक्षिण बिहार से 150 स्वयंसेवक शिरकत कर रहे हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड के वोटरों ने सभी दलों को पढ़ाया आत्ममंथन का पाठ

## ■ लोकसभा चुनाव परिणाम से मिले संकेतों को बारीकी से समझने की जरूरत

## ■ 51 विधानसभा सीटों पर बढ़त लेकर भी एनडीए के लिए संभलने का समय

## ■ आदिवासी सीटों पर जीत के बावजूद इंडिया गठबंधन को भी होगी मुश्किल

लोकसभा चुनाव के परिणाम का विश्लेषण लगातार चल रहा है। झारखंड में भी विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने तरीके से चुनाव परिणाम का विश्लेषण और हार-जीत के कारणों का पता लगाने का काम शुरू कर दिया है। झारखंड के लिए यह चुनाव परिणाम इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अगले पांच-छह महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं और उसमें भाजपा सत्ता में अपनी वापसी की कोशिश करेगी, जबकि इंडी गठबंधन अपनी सत्ता बचाने के लिए मैदान में उतरेगा। झारखंड की 14 संसदीय सीटों के परिणाम पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि राज्य के करीब 2.62 करोड़ मतदाताओं ने सभी राजनीतिक दलों को एक पाठ पढ़ाया है और वह पाठ है आत्ममंथन करने का। झारखंड के मतदाताओं ने कह दिया है कि राजनीतिक दलों के लिए आराम करने का समय अभी नहीं आया है और उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। लोकसभा चुनाव परिणाम पर नजर डालने से हालांकि यह बात साफ होती है कि भाजपा को राज्य के 81 में से 48 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली है और उसकी सहयोगी आजसू ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त ली है, लेकिन भाजपा के लिए बुरा संकेत यह है कि 28 आदिवासी सीटों में से केवल पांच पर उसे बढ़त मिली, जबकि 13 पर कांग्रेस और 15 पर झामुमो ने बढ़त हासिल की। यह आंकड़ा राजनीतिक नजरिये से बेहद चौंकानेवाला है और इसके कारण ही दोनों गठबंधनों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत होगी। विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में क्या है लोकसभा चुनाव परिणाम का संदेश, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद से ही पूरे देश में राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से परिणाम का विश्लेषण कर जीत-हार के कारणों की तलाश कर रहे हैं और आगे की रणनीति तैयार करने में व्यस्त हो गये हैं। झारखंड में यह काम थोड़ा अधिक तेजी से होने लगा है, क्योंकि यहां अगले पांच-छह महीने में विधानसभा चुनाव होना है। झारखंड में विधानसभा का चुनाव इसलिए अहम होगा, क्योंकि इस बार एक तरफ जहां झामुमो-कांग्रेस-राजद अपनी सत्ता बचाने की कोशिश करेंगे, वहीं भाजपा और आजसू झारखंड की सत्ता वापस हासिल करने की कोशिश करते दिखेंगे। इसलिए तमाम राजनीतिक और तात्कालिक कारणों के बावजूद दोनों ही गठबंधन, सत्तारूढ़ इंडी अलायंस और विपक्षी एनडीए अपनी-अपनी रणनीति बनाने की तैयारी में जुट गये हैं। ऐसे में यह जानना महत्वपूर्ण हो जाता है कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के परिणामों ने राजनीतिक दलों को क्या संदेश दिया है।

### कैसा रहा विधानसभा सीटों पर परिणाम

जहां तक झारखंड में लोकसभा चुनाव परिणाम का सवाल है, तो यदि इस पर विधानसभा सीट के हिसाब से नजर डाली जाये, तो भाजपा-आजसू के लिए यह उत्साहजनक है, जबकि झामुमो-कांग्रेस के लिए यह परिणाम थोड़ा निराशाजनक है। झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं और इनमें से 28 अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं। चूंकि भाजपा इस बार झारखंड में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सभी पांच लोकसभा सीटें हार गयी है, इसलिए इस चुनाव परिणाम को विधानसभा चुनाव के नजरिये से देखना महत्वपूर्ण हो जाता है। भाजपा को राज्य की 28 आदिवासी सीटों में से केवल पांच पर बढ़त हासिल हुई, जबकि बाकी 23 विधानसभा सीटों में से 13 पर कांग्रेस और 10 पर झामुमो को बढ़त मिली। भाजपा के लिए यह स्थिति 2019 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले उत्साहजनक है, क्योंकि उस बार भाजपा को केवल दो आदिवासी सीटों पर जीत मिली थी। जहां तक विधानसभा की सभी सीटों का सवाल है, तो भाजपा को 48, आजसू को तीन, जयराम महतो की जेबीकेएसएस को दो, झामुमो को 13 और कांग्रेस को 15 सीटों पर बढ़त हासिल हुई। पिछली बार एनडीए को कुल 56 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी।



### कई विधायक भी अपनी सीटों पर पिछड़े

झारखंड के संदर्भ में एक बात यह रही कि इस बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे विधायकों में कई अपनी भी विधानसभा सीट पर बढ़त नहीं बना सके। गोड्डा से इंडी गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव अपनी पोड़ैयाहाट सीट पर भाजपा के निशिकांत दूबे से पिछड़ गये। कोडरमा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह भी बड़े वोटों के अंतर से अपने विधानसभा क्षेत्र बगोदर में पिछड़े। भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होकर लड़े जेपी भाई पटेल भी अपनी सीटिंग सीट मांडू पर वोटों के बड़े अंतर से भाजपा के मनीष जायसवाल से पिछड़ गये। बागी होकर चुनाव लड़े बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम और विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे नंबर पर रहकर जमानत भी नहीं बचा सके। इसी तरह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपने विधानसभा क्षेत्र खरसांवा में बड़े अंतर से पिछड़ गये। इसी सीट से जीतने के बाद वह मुख्यमंत्री बनते रहे थे। गीता कोड़ा पूर्व में जगन्नाथपुर से विधायक रही हैं। इस सीट को मधु कोड़ा के गढ़ के तौर पर जाना जाता है, लेकिन यहां से गीता कोड़ा पिछड़ गयीं। इसी तरह राज्यसभा के पूर्व सांसद समीर उरांव का कार्यक्षेत्र सिसई-विशुनपुर रह चुका है और इन दोनों सीटों पर वह दूसरे नंबर पर रहे। आजसू ने गिरिडीह सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन आजसू विधायक लंबोदर महतो की सीटिंग सीट गोमिया से जयराम महतो ने बढ़त बनायी। इस सीट पर आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी दूसरे नंबर पर खिसक गये। डुमरी विधानसभा सीट झामुमो के कब्जे में है, लेकिन वहां भी जयराम महतो ने बढ़त हासिल की। भाजपा वर्तमान में विधानसभा की दो आरक्षित सीटों, खूंटी और तोरपा पर काबिज है, लेकिन इन सीटों पर वह पिछड़ गयी। इसी तरह पांच आदिवासी आरक्षित विधानसभा सीटों, सरायकेला, दुमका, जामा, घाटशिला और पोटका में भाजपा को बढ़त मिली।

### क्या है इस परिणाम का संदेश

इस बात में कोई संदेह नहीं कि लोकसभा के चुनाव परिणाम ने झारखंड में अंतिम सांसें गिन रहे इंडी गठबंधन में जान फूंक दी है। साल 2019 में लोकसभा की दो सीटों पर सिमट कर रह गये इंडी गठबंधन (तब के यूपीए) के खाते में अब पांच सीट आयी है। इस परिणाम से इंडी गठबंधन इसलिए भी उत्साहित है, क्योंकि सभी आदिवासी सीटें उसके हिस्से आयी हैं। ऐसे में राज्य की राजनीति में लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद से जो परिस्थितियां बन रही हैं, उसमें झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की उठता पहला कदम दिख रहा है। जानकार कहते हैं कि चुनाव परिणाम के बाद राज्य में इंडी गठबंधन का उत्साह और एनडीए की चुप्पी विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ता पहला कदम है। लोकसभा चुनाव के परिणाम से इंडी गठबंधन पूरी तरह उत्साहित है। वह इसे भुनाने की पूरी कोशिश भी करेगा। इंडी गठबंधन अब यह मान कर चल रहा है कि लोकसभा चुनाव में जनता ने उसे आशीर्वाद दिया है और वह चाहेगा कि विधानसभा चुनाव में भी उसे आशीर्वाद दे। इस परिणाम ने एनडीए गठबंधन को भी बता दिया है कि उसे वोट बैंक को मजबूत करने के लिए रणनीति बनानी होगी। एनडीए के ग्रामीण वोटों में भी कमी हुई है। ऐसे अब दोनों गठबंधन के लिए विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए को मेहनत करनी होगी।

### यहां मिली भाजपा को बढ़त

चतरा (एससी), पांकी, डाल्टनगंज, बिश्रामपुर, छतरपुर (एससी), हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर, लातेहार (एससी), दुमका (एसटी), जामा (एसटी), घाटशिला (एसटी), पोटका (एसटी), सरायकेला (एसटी), बहरागोड़ा, जुगसलाई (एससी), जमशेदपुर पूर्व, जमशेदपुर पश्चिम, कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, मांडू, हजारीबाग, सिमरिया (एससी), बड़कागांव, रामगढ़, धनवार, बेरमो, ईचागढ़, सिल्ली, रांची, हटिया, कांके (एससी), बोकारो, चंदनक्यारी (एससी), सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, देवघर (एससी), बगोदर, जमुआ (एससी), गांडेय, जरमुंडी, नाला, सारठ, पोड़ैयाहाट, गोड्डा।

### यहां मिली आजसू को बढ़त

गिरिडीह, टुंडी, बाघमारा।

### यहां मिली कांग्रेस को बढ़त

गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), लोहरदगा (एसटी), खरसावां (एसटी), तमाड़ (एसटी), मांडर (एसची), तोरपा (एसटी), खूंटी (एसटी), सिसई (एसटी), सिमडेगा (एसटी), कोलेबिरा (एसटी), खिजरी (एसटी), मनिका (एससी), मधुपुर, महागामा।

### यहां मिली झामुमो को बढ़त

चाइबासा (एसटी), मझगांव (एसटी), जगन्नाथपुर (एसटी), मनोहरपुर (एसटी), चक्रधरपुर (एसटी), बोरियो (एसटी), बरहेट (एसटी), लिट्टीपाड़ा (एसटी), महेशपुर (एसटी), शिकारीपाड़ा (एसटी), पाकुड़, राजमहल, जामताड़ा।

### यहां मिली जेबीकेएसएस को बढ़त

गोमिया, डुमरी।

---

सांसद निशिकांत दुबे पर भड़के विधायक नारायण दास, कहा-

# संगठन को इज्जत नहीं देनेवाले लीडर पर संज्ञान ले प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक नारायण दास ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे से नाराजगी जतायी है। उन पर पार्टी संगठन और पार्टी लीडरों को दरकिनार किये जाने का आरोप लगाया है। ये सब बातें उन्होंने तब कही हैं, जब देवघर में राजमहल और दुमका लोकसभा सीटों पर हार को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक हुई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू और उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय देवघर में पार्टी के स्थानीय नेताओं के साथ समीक्षा करने में जुटे थे। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तनातनी और मारपीट तक होने की खबर सामने आयी। इसके बाद मीडिया से बात करते देवघर विधायक नारायण दास ने अपनी ही पार्टी के सांसद निशिकांत को निशाने पर लिया। कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। इसी दौरान निशिकांत के भेजे गये गुर्गे, जो कि भाजपा से जुड़े भी नहीं थे, उन लोगों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। गालियां दीं। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट भी की। नारायण दास ने चैलेंज करते हुए कहा कि सांसद कोई प्रमाण दिखायें, कोई ऑडियो-वीडियो लायें, जिसमें मैंने किसी को सांसद निशिकांत को वोट देने से मना किया हो। नारायण दास ने कहा कि जब इस चुनाव में निशिकांत टिकट लेकर आये तो उन्हें पत्नी के इलाज के लिए हैदराबाद जाना था। पर वह उस समय नहीं गये। होली के दिन उनके (सांसद) पास जाकर उन्हें विजय का तिलक लगाया था। बूथ कार्यकर्ता सम्मेलनों में उनकी भागीदारी निरंतर रही है। देवघर जिले का मोहनपुर पहले राजद का गढ़ था। 2014-2019 में बतौर विधायक वहां से भी सफलता मिली थी। एक दिन वहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि मोहनपुर ने उन्हें गोद ले लिया है या उन्होंने मोहनपुर को गोद ले लिया है, इस पर मंच पर ही निशिकांत उखड़ गये थे। यहां तक कि 2019 के विधानसभा चुनाव में निशिकांत ने उन्हें हराने का काम किया। वे अब भी खुलेआम मेरा (विधायक) विरोध कर रहे हैं। नारायण दास के मुताबिक, वे बाइ बर्थ भाजपाई हैं, आयातित नहीं। 2009 में जब निशिकांत चुनाव (लोकसभा) लड़ने आये तो देवघर में पार्टी का कार्यालय तक नहीं था। उन्हें (निशिकांत) कोई जानता तक नहीं था। उनकी जीत के लिए उन्होंने उनका जूता तक उठाया है। अब वे कहते हैं कि पार्टी संगठन से उनको मतलब नहीं। संगठन ने उन्हें नहीं जिताया। वे महागामा के अशोक कुमार, गोड्डा विधायक अमित मंडल वगैरह के पक्ष में भी नहीं रहते। ऐसे नेता के इस आचरण को लेकर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को सुध लेनी चाहिए। उनके गुर्गों ने जो हरकत की है, उसकी जितनी निंदा हो, कम है।

### मैं अस्पताल में हूं, भाजपा मेरी मां है: निशिकांत दुबे



गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा, मैं पिछले 48 घंटे से अस्पताल में भर्ती हूं। भाजपा पार्टी मां है। मेरी गोड्डा लोकसभा के सात लाख लोग, जिन्होंने मोदी जी को वोट दिया तथा भाजपा के सभी प्रखंड और ज़िला के पदाधिकारियों से करबद्ध प्रार्थना है कि कोई भी प्रतिक्रिया, अमर्यादित शब्दों का प्रयोग मीडिया या सोशल मीडिया पर नहीं करेंगे। मैंने पिछले 72 घंटे से आपका फोन तबीयत खराब रहने के कारण नहीं उठाया है, इसके लिए मैं क्षमायाचना करता हूं। आपसे बातचीत अब 20 जून के बाद होगी।

---

# सीता सोरेन ने भाजपा नेताओं पर फोड़ा अपनी हार का ठीकरा

लुइस मरांडी, रणधीर सिंह और पूर्व सांसद सुनील सोरेन को निशाने पर लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की टिकट पर दुमका से चुनाव लड़नेवाली सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने अपनी हार के लिए भाजपा के नेताओं को जिम्मेदार बताया है। झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन से 22527 वोटों से हार मिलने पर सीता सोरेन ने कहा है कि वह भाजपा के भितरघात से चुनाव हारी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले हुए सर्वे के मुताबिक दुमका सीट से भाजपा भारी मतों से जीत रही थी। मेरी हार के बाद अब सबके मन में यही सवाल है कि आखिर गड़बड़ी कहां हुई। सीता ने कहा कि पंचायत और प्रखंड लेवल के कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की और बढ़िया काम किया, गड़बड़ी विधानसभा स्तर पर नियुक्त पदाधिकारियों के कारण हुई। चुनाव के लिए बाहर से आये प्रभारियों से भी चूक हुई। ये लोग विपक्षियों के द्वारा मैनेज हो गये और पार्टी के प्रति वफादारी नहीं निभा सके। उनका इशारा पूर्व मंत्री लुइस मरांडी, विधायक रणधीर सिंह और पूर्व सांसद सुनील सोरेन की तरफ है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर भी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में नाकाम होने का आरोप लगाया है।



### लुइस, रणधीर और सुनील सोरेन पर भितरघात का आरोप

सीता सोरेन ने कहा कि चुनाव के दौरान विधानसभाओं के प्रभारी उसके साथ खड़े जरूर थे, लेकिन जीत में जितनी मदद करनी चाहिए थी, वो नहीं किये। रणधीर सिंह के सारठ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,07,383 वोट मिले थे, जबकि झामुमो को 1,06,241 वोट। वहीं लुइस मरांडी के दुमका से भाजपा को 89,211 वोट, जबकि झामुमो को 78,778 वोट मिले थे। सीता को सबसे कम वोट जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में मिला था। सीता सोरेन ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रदेश नेतृत्व दुमका के कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश नेतृत्व ने सारी रिपोर्ट दिल्ली भेज दी है। आने वाले दिनों में भितरघात करने वाले नेताओं पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### समीक्षा बैठक में भी अंतरकलह सामने आया

उधर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू और बालमुकुंद सहाय सीता सोरेन की हार की समीक्षा करने संथाल पहुंचे थे। दुमका में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान हंगामा भी हुआ। भाजपा की गुटबाजी और अंदरूनी कलह खुल कर सामने आ गयी। कार्यकर्ताओं ने वर्तमान जिलाध्यक्ष गौरवकांत और पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आदित्य साहू ने भी माना कि समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी है कि दुमका में सीता सोरेन भाजपा की कुछ कमियों की वजह से चुनाव हारी हैं।

---

# चाइबासा में मुठभेड़ के दौरान पांच नक्सली ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित लिपुंगा जंगल में सोमवार की सुबह अनमोल दस्ते के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो महिला समेत पांच भाकपा नक्सली ढेर हो गये। जो नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं, उसमें दस लाख का इनामी जोनल कमेटी मेंबर सिंगराई, पांच लाख का इनामी सब जोनल कमेटी मेंबर कांडे होनहागा के अलावा दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम और एक महिला नक्सली जुंगा पूर्ति उर्फ मारला शामिल है। वहीं सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की है, जिसमें दो लाख का इनामी एरिया कमांडर टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और एक महिला नक्सली बत्री देवगम शामिल हैं। वहीं एक और महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि महिला नक्सली को गोली लगी थी। नक्सली उसे लेकर जा रहे थे, बीच रास्ते में मौत हो जाने के बाद वे उसे वहीं छोड़ कर चले गये। उसका नाम सपनी हांसदा बताया रहा है। वह गिरफ्तार पांडू हांसदा की पत्नी थी।

**सिंगराई और होनहागा ने कोल्हान और सारंडा में लगाया था आइइडी :** मुठभेड़ में मारे गये सिंगराई और कांडे होनहागा ने कोल्हान और सारंडा के जंगल में आइइडी लगाया था।



इसकी चपेट में आकर कई सुरक्षाबल के जवान गंभीर रूप से घायल हो गये थे। 14 अगस्त 2023 को कोल्हान के जंगल में झारखंड जगुआर के दो जवान शहीद भी हुए थे। इसमें भी इन दोनों नक्सलियों के दस्ते का ही हाथ था। एसपी आशुतोष शेखर को सूचना मिली थी कि गुवा थाना क्षेत्र लापुंगा जंगल में भाकपा माओवादी नक्सलियों का जमावड़ा लगा हुआ है। इसके बाद सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा बलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में चार नक्सली मारे गये। वहीं बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे। हालांकि सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। चाइबासा में नक्सलियों का सबसे बड़ा दस्ता कैंप कर रहा है। जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई और अजय महतो का दस्ता सक्रिय है।






## प्रभारी-सह प्रभारी की नियुक्ति का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

# शिवराज-सरमा के मार्गदर्शन में बनेगी मजबूत सरकार: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सह प्रभारी बनाये गये हैं।

प्रदेश भाजपा ने इनका स्वागत और अभिनंदन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों नेता अनुभवी, परिश्रमी और कुशल संगठनकर्ता हैं। श्री मरांडी ने कहा कि शिवराज सिंह और हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड के लोकसभा चुनाव में भी खूब पसीना बहाया है। तपती गर्मी में कई सभाओं को संबोधित किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इनके अनुभवों, कार्य कुशलता और प्रत्यक्ष मार्गदर्शन का लाभ पार्टी को मिलेगा। चुनाव



प्रभारी और सह प्रभारी के मार्गदर्शन में भाजपा प्रदेश की भ्रष्ट, निकम्मी ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकते हुए प्रदेश में मजबूत डबल इंजन सरकार बनायेगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। जनता लोकसभा चुनाव में ही इंडी एलायंस को सबक सीखा चुकी है। शिवराज और हिमंत बिस्वा सरमा के मार्गदर्शन में पार्टी रिकॉर्ड मतों से प्रदेश में सरकार बनायेगी। स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### भाजपा बहुमत की सरकार बनायेगी : दीपक प्रकाश



रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि नये प्रभारी और सह प्रभारी की देखरेख में भाजपा राज्य में बहुमत की सरकार बनायेगी। दोनों ही नेता अच्छे रणनीतिकार हैं। झारखंड भाजपा को शिवराज सिंह चौहान और हिमंता विश्व सरमा के अनुभव का लाभ मिलेगा। झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल होगी।

# रेल दुर्घटना के कारण ट्रेनों के रूट डायवर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** कटिहार मंडल के रंगापाणी स्टेशन और चटेर हाल्ट के मध्य सियालदह जा रही गाड़ी संख्या 13174 कंचनजंघा एक्सप्रेस और मालगाड़ी के बीच टक्कर के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। न्यू जलपाइगुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल, अलुआबाड़ी रोड-बागडोगरा-सिलीगुड़ी-न्यू जलपाइगुड़ी, सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार एक्सप्रेस, नागरकोविल-नागरकोविल-डिब्रूगढ़ स्पेशल, नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, हावड़ा-न्यू जलपाइगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट किया गया।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.MCSW-FIBA-MOD-24-25-11

कार्य का नाम : कैरिज मरम्मत वर्कशॉप, मन्चेश्वर में LHB कोचों में FIBA पाइपिंग लेआउट का रूपान्तरण।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में) : 31,40,250/-, EMD (रुपये में) : 62,800/-, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 19.06.2024, निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 03.07.2024 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (P)/ कैरिज मरम्मत वर्कशॉप/मन्चेश्वर

PR-212/P/24-25




## विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू ने तैयार किया रोड मैप

# गिरिडीह लोकसभा में आज से आभार यात्रा: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी राज्य में अगले कुछ माह बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक्टिव मोड में आ गयी है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने बताया कि यह चुनावी वर्ष है। लोकसभा चुनाव के बाद अब यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आनेवाले समय को देखते हुए पार्टी ने रोड मैप तैयार किया है। सबसे पहले तो गिरिडीह लोकसभा के परिणाम के लिए पार्टी की ओर से 18 से 20 जून तक अलग-अलग क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाली जायेगी। 22 जून पार्टी के लिहाज से ऐतिहासिक दिन है। राज्य गठन के उद्देश्य, संघर्ष जिन्हें कलमबद्ध नहीं किया जा सका, उसे वीडियो के माध्यम से विधानसभावार युवाओं को दिखाया जायेगा। यह भी




बताया जायेगा कि कैसे झारखंड नामधारी दलों ने राज्य के गठन के उद्देश्यों को दरकिनार किया और कैसे यहां के लोगों को ठगा गया। 26 जून से जुलाई के अंत तक पार्टी के विधानसभावार ग्राम प्रभारी, जिला प्रभारियों का शपथ ग्रहण होगा। 20 जून को सभी विधानसभा में हुल दिवस का आयोजन होगा। 8 अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस और आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। 16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक सभी विधानसभा में पदयात्रा होगी। इसी दौरान हर विधानसभा में कम से कम 500 पौधे लगाये जायेंगे। इस तरह से पार्टी ने अभी से लेकर अक्टूबर तक का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### फिर से मजाक करने में लगी सरकार

राज्य सरकार पर निशाना साधते सुदेश महतो ने कहा कि इस सरकार का यह विदाई वर्ष है। सरकार के कमिटमेंट, दावे खोखले साबित हो चुके हैं। जाते-जाते सरकार फिर से मजाक करने में लगी है। नियोजन नीति, विस्थापन को लेकर वह केवल राजनीति करती रही है। ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आने की बात हुई। अब इससे संबंधित आयोग ने 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। यह सब बिना किसी आंकड़े के हो रहा है। आनन-फानन में आइवाश और मीडिया इवेंट के लिए यह हो रहा। सत्ता पक्ष के नेता देशभर में कहते थे कि जातीय जनगणना करायेंगे, पर इस पर निर्णय लिया ही नहीं गया। आरक्षण, सरना धर्म कोड और अन्य विषयों पर हम सरकार के साथ खड़े रहे, पर सरकार गुमराह ही करती रही, जिसकी जितनी आबादी, उतनी भागीदारी हो। इस सरकार में एक मंत्री के लिए एक भी एससी नहीं मिल रहा।

### एनडीए फोल्डर में रहकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

सुदेश महतो ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लोगों का अलग मिजाज होता है। पंचायत, विधानसभा, लोकसभा सबों में देखने की दृष्टि अलग-अलग होती है। विपक्ष ने एनडीए की जीत पर संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने का झूठ फैलाया, जबकि इसके बड़े नेता ने झारखंड की इसी धरती पर कहा कि जब तक उनकी सांस है, कोई संविधान नहीं बदल सकता। सुदेश महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए फोल्डर में रहते हुए चुनाव लड़ने का भरोसा जताया।




# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज कृषि विज्ञान केंद्र में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से 18 जून को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ से अधिक राशि जारी करेंगे। इसके साथ ही 30 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को



प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी 734 कृषि विज्ञान केंद्रों में किया जायेगा। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में शाम चार से सात बजे तक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसमें 200 कृषि सखियों और 100 किसान शिरकत करेंगे। इसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ हिस्सा लेंगे।

### मेधावी छात्रों को पासवा करेगा सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। मेधावी छात्रों को 2 जुलाई को खेलगांव में पासवा की ओर से सम्मानित किया जायेगा। अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए इमेल और व्हाट्सएप नंबर जारी किया। इसमें मैट्रिक, इंटर, सीबीएसइ, आइसीएसइ में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थी को सम्मान मिलेगा। निजी विद्यालयों के प्राचार्य भी एक साथ सभी सफल विद्यार्थियों की सूची व्हाट्सएप और इमेल द्वारा उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, युवा-खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इसे लेकर सोमवार को पासवा प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की गयी। इसमें छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन को सफल बनाने के लिए एक विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए एक्टिव वोलेंटियर्स को मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी सौंपी गयी। व्हाट्सएप नंबर 9431109538, 9431114487, 7903714760,8340510144, 9801439301 जारी किया गया। यह जानकारी पासवा के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने दी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस अध्यक्ष ने रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त किया और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों और घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक जिम्मेवारी रेल मंत्री को लेनी चाहिए। उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिसके कारण हजारों परिवार उजड़ गये, लेकिन रेल मंत्रालय की कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि रेलवे के सुरक्षा मानकों में गुणात्मक सुधार जरूरी है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में विगत एक दशक में सुरक्षात्मक उपाय में वृद्धि न के बराबर हुई है, बल्कि हादसों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी ने चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर दी है।

## जगन्नाथ मंदिर में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने की पूजा

# रथ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राजधानी रांची के धुर्वा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को पूजा अर्चना की। आगामी रथ मेला की तैयारियों की समीक्षा भी की। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान जगन्नाथ से अच्छी बारिश के लिए भी प्रार्थना की है, ताकि किसानों सहित आम जनजीवन को भी राहत मिल सके। साथ ही कहा कि इस बार भी रथ मेला पुरानी परंपरा और भव्यता के साथ आयोजन हो रहा है। इसे लेकर सरकार की ओर से सभी आवश्यक सहयोग किया जायेगा। रथ यात्रा का धार्मिक महत्व के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व भी है।



7 जुलाई को आयोजित रथ यात्रा सह मेला में राज्य के कोने-कोने से श्रद्धालु आयेंगे। मंत्री ने रथ मेला की तैयारियों को लेकर हो रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वह खुद पहली बार 1974 में जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए थे। इसके बाद लगातार कई अवसरों और परिचितों के शादी विवाह कार्यक्रम में यहां आने का मौका मिलता रहा। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा से राज्यवासियों की खुशहाली की कामना भी की।

पूजा अर्चना के बाद मंत्री रामेश्वर उरांव ने रथ यात्रा की तैयारी में लगे स्थानीय कारीगरों से भी मुलाकात की। हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। निर्माण हो रहे रथ के कार्यों पर भी संतोष जाहिर किया। मौके पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता ने भी विधिवत मंत्रोच्चार और विधि विधान से भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

# जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति सोमवार को गठित की गयी। साथ ही खेलों का प्रशिक्षण सुचारू रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में पहले की तरह शुरू करने का निर्णय लिया गया। कुछ खेलों का प्रशिक्षण चल भी रहा है। इसके लिए सभी की अनुमति से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ की एक समिति का गठन किया गया। इसमें सभी के सहयोग से हमेशा हर सप्ताह किसी न किसी खेल का एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराते रहने का निर्णय भी लिया गया। इससे सभी खेल का और खिलाड़ियों का विकास हो सके। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद झा, मिथलेश कुमार सिंह, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा को बनाया गया है। दीपक वर्मा को अध्यक्ष, गौतम सिंह, गणेश कुमार गुप्ता, नीरज वर्मा, संतु कुमार, आचार्य प्रह्लाद, ऋषिकेश लाल को उपाध्यक्ष, ब्रजेश गुप्ता को महासचिव, अमरजीत कुमार, अनंत नाग चंदन, चंदन कुमार, पंकज जोसेफ को सह सचिव बनाया गया है। अंश वर्मा को सह सचिव, सचिन लोहार को सह कार्यालय प्रभारी और शमा टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में किक बॉक्सिंग, कराटे, चॉकबॉल, कॉर्फबॉल, टेनिस, वॉलीबॉल, ताइक्वांडो, बास्केटबॉल समेत अन्य खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देवनारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक देवनारायण सिंह को श्रद्धांजलि संघ कार्यालय निवारणपुर दी गयी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन मधुकर भागवत ने कहा कि देवनारायण के साथ एक समर्पित प्रचारक का जीवन अस्त हो गया है। संघ के कार्य को अपने ध्येय रूप बनाने के बाद अंतिम सांस तक उन्होंने निभाया। संघ, किसान संघ, अनुकूल-प्रतिकूल सब प्रकार की परिस्थितियों में निष्ठापूर्वक कार्य को बढ़ाते रहें। वे स्पष्ट वक्ता थे, परंतु मन की आत्मीयता में घोलकर शब्दों का प्रयोग करते थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने संस्मरण में उनके साथ बिताये क्षणों को याद किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा देवनारायण जी को अनुशासन प्रिय, कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय लगाव रहता है। मौके पर सत्यदेव केसरी, उमाशंकर, अखिलेश्वर मिश्र, सिद्धनाथ सिंह, डॉ रश्मि, जिज्ञासा ओझा, महेंद्र, दीपक पांडेय, धनंजय सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# फरवरी में प्रयागराज में होगा ज्ञान महाकुंभ

**चार क्षेत्रों में ज्ञान कुंभ के बाद महाकुंभ का होगा आयोजन: अतुल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ज्ञान महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में फरवरी में होगा। इसमें शिक्षा के सभी घटक एक साथ एकत्रित होकर सकारात्मक परिवर्तन लाने पर मंथन करेंगे। प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस ज्ञान महाकुंभ से पूर्व देश के चार अलग अलग भागों में ज्ञान कुंभ होगा। जानकारी देते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अतुल कोठारी ने कहा कि ज्ञान कुंभ की महता इससे ही समझी जा सकती है कि देशभर के सैकड़ों कार्यकर्ता एक माह से लेकर एक वर्ष तक का समय दान करेंगे। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने न्यास के नये दायित्वों की घोषणा की। बताया कि केरल के ए विनोद अब न्यास के राष्ट्रीय संयोजक होंगे। प्रांत के अध्यक्ष डॉ अजय तिवारी आत्मनिर्भर भारत विषय के राष्ट्रीय संरक्षक होंगे। मध्यप्रदेश के अशोक कड़ेल मध्यक्षेत्र के अध्यक्ष होंगे। साथ ही झाबुआ के ओम शर्मा मध्य क्षेत्र के संयोजक बनाये गये। राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में दिल्ली के प्रो रमेश भारद्वाज कार्य देखेंगे। 16-17 अगस्त को प्रचार-प्रसार की राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में आयोजित की जायेगी। कार्यशाला संयोजक डॉ विजय सिंह ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में न्यास के विभिन्न प्रांतों के चयनित कार्यकर्ता शामिल होंगे।



## हिंदू जागरण मंच ने संगठन विस्तार का लिया निर्णय

रांची। हिंदू जागरण मंच रांची महानगर की बैठक प्रदेश कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक में मंच के पुराने पदाधिकारी और नये सदस्य शामिल थे। इस दौरान संगठन विस्तार और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी मंडलों के गठन पर विचार- विमर्श किया गया। हिंदू जागरण मंच हिंदू समाज को और मजबूरी दे।साथ ही हिंदू जागरण मंच के अगामी कार्यक्रम पर भी चर्चा की गयी। यह जानकारी हिंदू जागरण मंच के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरजीत सिंह ने दी।

# एथलेटिक्स संघ सलेक्शन कमेटी की चेयरमैन बनीं किरण रानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ नयी दिल्ली के निर्देश के आलोक में झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन ने पूर्वी क्षेत्र, राष्ट्रीय जूनियर सीनियर एथलेटिक्स समेत सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में राज्य के एथलीटों की भागीदारी को लेकर पारदर्शी तरीके से चयन के लिए सलेक्शन कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय एथलीट और तकनीकी पदाधिकारी किरण रानी नायक को चेयरमैन बनाया गया है। सदस्य के तौर पर विनोद सिंह, पुष्पा हेस्सा, रितेश आनंद, अजय नायक को शामिल किया गया है। कन्वेनर के तौर पर योगेश प्रसाद यादव को रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडेय समेत संघ के पदाधिकारियों ने सलेक्सन कमेटी को बधाई दी।

# आइपीएस के ट्रांसफर और पोस्टिंग की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही चंपाई सरकार एक्शन में आ गयी है। बीते दिनों सीएम ने विधि व्यवस्था के साथ-साथ अन्य विभागों की समीक्षा भी की। इस बीच सरकार आइपीएस रैंक के अफसरों के तबादला की तैयारी में है। इसी सप्ताह कई जिलों के एसपी के अलावा डीआइजी और आइजी रैंक के अधिकारियों का भी तबादला किया जायेगा। सरकार की ओर से विधानसभा चुनाव से पहले किये जाने वाले तबादले की चर्चाओं के बीच अभी से कई अधिकारियों ने अपने लिए एप्रोच लगानी भी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रमोटी आइपीएस अधिकारियों को और भी जिलों का जिम्मा मिल सकता है। वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से प्रमोटी आइपीएस अधिकारियों के पास 11 जिलों की जिम्मेदारी है। डायरेक्ट आइपीएस अफसर के जिम्मे 13 जिलों की कमान है। वर्तमान में झारखंड पुलिस में डायरेक्ट आइपीएस के 42 एसपी रैंक के अधिकारी हैं। वहीं स्टेट पुलिस सर्विस के 29 अधिकारी एसपी रैंक के हैं।

झारखंड सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर है। ऐसे में बेहतर परिणाम नहीं देने वाले कई आइपीएस अफसर बदले जायेंगे। ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है। जिले में कप्तान बदलने के लिए अपराध का ग्राफ भी देखा जा रहा है। लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तेज तर्रार आइपीएस अधिकारियों को जिम्मा सौंपने पर भी मंथन चल रहा है।

# आर्ट ऑफ गिविंग मानसिक शांति का परिचायक : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन और आर्ट ऑफ गिविंग के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ गिविंग की स्थापना के 11वें वर्ष के उपलक्ष्य में 13 कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इसमें धीरज प्रजापति, मनीष कुमार, सीतामणि, चिंतामणि टोप्पो, प्रदीप मिंज, सुनील लकड़ा, मनोहर यादव, राहुल कुमार, महिपाल सिंह मुंडा, सूरज उरांव, दिनेश किस्कू और फ्रांसिस एक्का शामिल थे। मुख्य अतिथि झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति टीएन साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सम्मान चाहता है और यह सम्मान हम आपसी आदान-प्रदान के माध्यम से कर सकते हैं।



कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग के माध्यम से संभव हो पाया कि विश्वविद्यालय में 12 कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा और सतत विकास की प्रक्रिया है। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का और गरिमा प्राप्त करने का अधिकार है। इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि सम्मान समारोह को आयोजित करते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है। किट्स के संस्थापक अच्युत सामंता और कुलपति तपन कुमार शांडिल्य का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रिटायर प्रोफेसर जेबी पांडेय, आशीष गुप्ता, प्रो राजेश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए नहीं करना चाहिए बाध्य : हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को जीएसटी अधिकारियों को कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए या उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी के नियमों के तहत सक्षम अधिकारी को कार्यालय समय के बाद बयान देने के लिए किसी व्यक्ति को बाध्य नहीं करना चाहिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान यह दलील दी कि किसी भी अधिकारी का बयान कार्यालय अवधि के दौरान ही दर्ज किया जाना चाहिए। दरअसल, जीएसटी के अधिकारियों ने जमशेदपुर के शिव कुमार देवड़ा को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। उनसे एक बार पूछताछ भी हो चुकी थी, जिसमें काफी समय लगा था।

# प्रमोद गुप्ता बने लोकहित अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी ने पिछले दिनों प्रदेश और जिला कमेटी को भंग कर दिया था। प्रमोद प्रसाद गुप्ता को रांची जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर प्रमोद प्रसाद गुप्ता को हरिनाथ साहू, मुकुल नायक, पूर्व कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर, गणेश साहू, अंजू लिंडा, संजय लोहरा, जुल्फान अंसारी, धनंजय कुमार, प्रेम कुमार, जनक प्रजापति समेत अन्य ने बधाई दी।

## छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जनम तक...

# श्याम मंदिर में मनी निर्जला एकादशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी उत्सव हर्षोल्लास से मना। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का काफी महत्व माना गया है। मान्यता है कि गंगा दशहरा के दूसरे दिन निर्जला एकादशी को पृथ्वी पर प्रभु की कृपा साक्षात बरसती है। इसे लेकर सोमवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र पहना कर, स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। साथ ही फूलों से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान बजरंगबली, शिव परिवार का भी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको रिझायेंगे भजन तेरा सुनायेंगे, खूब सज्यों श्रृंगार खाटू वाले को,



छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक...भजनों पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा, फल, खीर चूरमा, केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनियां, गौरव परसरामपुरिया, नीतेश केजरीवाल, सुदर्शन चितलांगिया, नीतेश लाखोटिया, विकाश पाडिया, अनुराग पोद्दार प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

## स्कूल की छुट्टी को बढ़ाया जाये: कैलाश

रांची (आजाद सिपाही)। अभिभावक संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। इसके मद्देनजर विगत दिनों से स्कूलों की छुट्टी भी चल रही है। अभी तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं आया है। इसलिए मानसून आने और न्यूनतम पारा होने तक स्कूली छुट्टी का सीमा को विस्तार किया जाये। इससे बच्चों का स्वास्थ ठीक रहेगा और अभिभावकों को परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। इस संबंध में सोमवार को यादव ने मुख्यमंत्री, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव और डीसी को पत्र लिखा है।

# लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 लोगों ने किया भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। धनवंती देवी की पुण्य स्मृति पर उनके पुत्र नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट, ममता राय ने इसकी व्यवस्था की। धनवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में



175 को भोजन कराया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, संजय सर्राफ, मनोज रुइया, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, बबलू हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# आइएचएसएम मेडिकल कॉलेज के 200 छात्र-छात्राएं सम्मानित

**आइएचएसएम स्टूडेंट और पैरेंट्स मीट का आयोजन प्राइम एडुटेक ने किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएचएसएम स्टूडेंट और पैरेंट्स मीट का आयोजन प्राइम एडुटेक, रांची के द्वारा आइएमए हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड और बिहार के 200 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। डीन डॉ जी भानुप्रकाश ने बताया कि हमारे इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसीन बिस्केक, किर्गिस्तान, में 90% से अधिक छात्र-छात्राएं इंडिया से हैं और मेडिकल की उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यहां एनएमसी के गाइडलाइंस को फॉलो किया जाता है । यह मेडिकल कॉलेज विशेषतः इंडियन मैनेजमेंट द्वारा चलाया जाता है। इस स्टूडेंट्स पैरेंट्स मीट में चीफ गेस्ट के रूप में आइएचएसएम के डीन डॉ जी. भानुप्रकाश, स्पेशल गेस्ट के रूप में लेक्चरर अजिजा अझीबेकोवा, सिजोरा जकीरोवा (स्पेशलिस्ट ऑफ इंटरनेशनल को-ऑपरेशन सेंटर) रिजनल डायरेक्टर सदानंद मंडल एवं प्राइम ग्रुप के डायरेक्टर डॉ नूतन मंडल तथा अन्य लोग उपस्थित थे। झारखंड एवं बिहार के ऐसे छात्र-छात्राएं जो फाइनेंशियली उतने स्ट्रांग या अफोर्डेबल नहीं हैं, कि वे प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में अपनी पढ़ाई कर सकें, करोड़ों रुपये खर्च कर सकें। ऐसे में इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसीन के डायरेक्टर डॉ फणीभूषण का उद्देश्य है कि ऐसे मेडिकल छात्र-छात्राएं भी अपने सपने साकार कर सकें तथा कम से कम खर्च में मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर सकें ।

प्राइम एडुटेक के संस्थापक तथा आइएचएसएम के रिजनल डायरेक्टर सदानंद मंडल ने बताया कि इस वर्ष नीट की परीक्षा में लगभग 25 लाख बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें लगभग 13 लाख बच्चे क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडिया में मेडिकल की सीटें लगभग डेढ़ लाख ही हैं। ऐसे में देखा जाये तो लगभग 11.5 लाख बच्चों को मेडिकल की सीटें नहीं मिल पायेंगी और प्राइवेट कॉलेजों की फीस इतनी ज्यादा है कि छात्रों तथा उनके अभिभावकों के सपने कैसे पूरे हों? ऐसे ही छात्रों के लिए प्राइम एडुटेक विगत 13 वर्षों से एक प्लेटफॉर्म प्रदान कर रही है।

# बोकारो और धनबाद में कोयला के काले कारोबार के खिलाफ छापेमारी

## रामगढ़, हजारीबाग, चतरा और गिरिडीह भी रडार पर

**पुलिस मुख्यालय ने दिया था निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बोकारो रेंज के डीआइजी सुरेंद्र झा ने छापेमारी करायी। डीआइजी की टीम ने बोकारो जिला के पेटरवार, बालीडीह और धनबाद जिला के बरवाअड्डा, सोनारडीह, महुदा और भातडीह इलाके में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस की टीम चार कोयला लोड ट्रक, एक जेसीबी और करीब 150 टन कोयला बरामद किया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। झारखंड के 13 जिलों में कोयले का अवैध खनन हो रहा है। इनमें लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, रांची, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, पलामू और जामताड़ा जिला शामिल है। पिछले ढाई साल के दौरान इन 13 जिलों में कोयला के अवैध खनन को लेकर 2229 मामले दर्ज हुए हैं। कोयले का काला खेल तीन चरणों में होता है। पहले चरण में बंद खदान या चालू खनन क्षेत्रों से गिरोह के सदस्य कोयला खनन कर एक स्थान पर एकत्रित करते हैं। दूसरे गिरोह के सदस्य एक निश्चित स्थान पर एकत्रित कोयले को साइकिल या मोटरसाइकिल पर लोड कर गिरोह के संचालक के पास पहुंचते हैं, जहां से गिरोह का संचालक ट्रकों पर लोड कर इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश भेजता है। राज्य के बाहर अवैध कोयला को वैध तरीके से भेजने के लिए फर्जी चालान भी तैयार किया जाता है। एक ही चालान के माध्यम से कई वाहन अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते हैं।

कोयले का सबसे ज्यादा अवैध खनन बीसीसीएल, सीसीएल सहित अन्य कोल कंपनियों की बंद और खुली खदानों से होता है। इसके अलावा बंद मुहानों को फिर से खोद कर भी कोयले का अवैध खनन किया जाता है। अवैध खनन में तस्करों ने बाकायदा मजदूरों को भी दिहाड़ी में बहाल कर रखा है। वहीं एक्टिव खदानों से भी अवैध खनन का दावा है। मुख्य रूप से कोयला के अवैध खनन रोकने का जिम्मा बीसीसीएल, सीसीएल, सीआइएसएफ, इसीएल, जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग का है।

# राजधानी रांची में हुआ दुबई 100 एक्सपो का शानदार आयोजन

**10 भाग्यशाली विजेताओं को 22 लाख रुपये के कूपन प्रदान किये गये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता के एक भव्य उत्सव व राजधानी रांची में शानदार शुरूआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए रांची क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआइ, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोग और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे। दुबई के प्रमुख बिल्डर्स ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अतिरिक्त, बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डेन वीजा लाभ और कर-मुक्त आय के साथ प्रभावशाली 12% आरओआइ के वादे ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहां 10 भाग्यशाली विजेताओं को 1 लाख एइडी (22 लाख रुपये) के कूपन प्रदान किये गये।

सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी, रिंकू कुमार ने कहा, दुबई 100 सिर्फ एक इवेंट नहीं है; यह अनंत संभावनाओं का अवसर है। कई शहरों के लोगों को इन्वेस्टमेंट के और अधिक अवसर प्रदान करेगा।

# आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेलवे सुरक्षा बल ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक टिकट दलाल पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है। वह गिरिडीह का रहने वाला है। सोमवार को आरपीएफ हटिया निरीक्षक रूपेश ने बताया कि आरपीएफ हटिया फ्लाइंग टीम के साथ मिलकर ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे आरक्षण केंद्र में एक संदिग्ध को प्रीमियम तत्काल रेलवे आरक्षण टिकट के साथ देखा। संदेह होने पर उससे पूछताछ की गयी। पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया कि वह टिकट कुछ रुपयों के लालच में दूसरे व्यक्ति के लिए ले रहा था। उसके पास से रेलवे आरक्षण का दो रिक्त फॉर्म भी बरामद हुआ। हटिया आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज राजवंशी ने बरामद टिकटों सहित तीन हजार 900 रुपये को जब्त कर आरोपित को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया।

# आसमान से बरस रही आग, झुलस रहे लोग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को सुबह ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन रांची समेत कई जिलों सूर्य निकलने के साथ आग बरसने लगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून 20 जून तक प्रवेश करेगा। ऐसे में लोगों को मानसून के लिए 20 जून तक का इंतजार करना होगा। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान गिरने का अनुमान है। पलामू प्रमंडल में ही लू की स्थिति है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 18 जून तक हीटवेव का असर देखा जायेगा। इसमें पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार जिले सबसे अधिक प्रभावित होंगे। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के औसतन अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की कमी दर्ज की गयी है। पहले जहां अधिकांश जिलों का तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा था। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में कमी देखी गयी।

**अब 20 जून तक राज्य में मानसून करेगा प्रवेश**

पहले जहां पलामू, गढ़वा, गोड्डा का तापमान 45 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा था। वहीं सोमवार सुबह पलामू और गढ़वा का तापमान 43 डिग्री रहा। बोकारो, गिरिडीह, देवघर, रामगढ़ का तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। चतरा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार का तापमान 41 डिग्री रहा। धनबाद, लोहरदगा का तापमान 40 डिग्री रहा। रांची, जमशेदपुर, गुमला, सरायकेला का तापमान 39 डिग्री तक रहा।

# पुलिस ने पांच बोरी डोडा किया जब्त, एक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने पांच बोरी डोडा जब्त किया है। वहीं इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सुलेमान है और एक व्यक्ति फरार हो गया। फरार व्यक्ति का नाम दयाल है। यह गिरफ्तारी नगड़ी थाना इलाके से हुई है। कल नगड़ी इलाके में दो मोटरसाइकिल के पीछे बोरी में बांध कर दो व्यक्ति डोडा लेकर जा रहे थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गयी। दोनों मोटरसाइकिल को पुलिस बल के सहयोग से रोकने का इशारा करने पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को बोरी सहित छोड़ कर भाग गया। दूसरे व्यक्ति को पुलिस बल और ग्रामीणों के सहयोग से इसे पकड़ा गया। दोनों मोटरसाइकिल पर पांच बोरी डोडा लदा हुआ था। पांच बोरी डोडा, जिसका कुल वजन 80.700 किलोग्राम है। दो पल्सर मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है।

# सजदे में झुके सिर, मनी बकरीद

**रांची (आजाद सिपाही)।** ईद उल अजहा पर सोमवार को राजधानी के ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। नमाज अदा कर देश और राज्य की खुशहाली, अच्छी बारिश, अमन-चैन के लिए अल्लाह पाक से दुआ की गयी। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद अपने-अपने घरों में कुर्बानी दी। बकरीद के अवसर पर एक-दूसरे से मिलने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। दूसरी ओर बकरीद को देखते हुए रांची पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क रही। रांची के तमाम स्थानों पर सुबह पांच बजे से ही पुलिस बल तैनात दिखे। हरमू ईदगाह में मौलाना डॉ असगर मिस्बाही ने नमाज पढ़ायी, तो डोरंडा ईदगाह में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली ने नमाज पढ़ायी। हववारी मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी ने नमाज पढ़ायी। रांची पुलिस के द्वारा रविवार को ही संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष ने रेल हादसे पर दुःख जताया



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सिलीगुड़ी से कोलकाता के बीच चलने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख प्रकट किया है। दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों एवं घायलों के परिवार जनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। अध्यक्ष ने कहा कि यह ट्रेन अपने प्रस्थान और गन्तव्य की दूरी तय करने के बीच झारखंड के संथाल से जुड़े इलाकों से होकर भी गुजरती है। दुर्घटना में मृतकों के परिवारों एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए ये बहुत ही दुखद क्षण है। मैं दुर्घटना में मारे गये सभी लोगों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके परिवार जनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं, साथ ही इस ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए लोगों की जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होने की ईश्वर से कामना करता हूं।

## सभी सरकारी-गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग चलायेगा अभियान

# नशीले पदार्थों के विरुद्ध आज से 25 जून तक चलेगा जागरूकता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मादक द्रव्यों और नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने, छात्रों में इसके बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 18 जून से 25 जून तक राज्य के सभी कोटि के सरकारी-गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक, निजी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रतिदिन मादक द्रव्यों, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूक किया जायेगा।




इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि स्कूलों के आसपास यदि नशीले पदार्थों का सेवन या बिक्री हुई, तो स्कूल पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 35000 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय के क्षेत्र में कोई ऐसा असामाजिक कार्यों में संलिप्त ना हो। वे सचेत रहेंगे, तभी छात्रों को नशे से बचाया जा सकता है। उन्होंने बीआरपी, सीआरपी को ऐसे विद्यालयों को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया, जिनके आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री या सेवन होने का संदेह है। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल कल्याण विभाग, एनजीओ, पुलिस डिपार्टमेंट और इस क्षेत्र के विशेषज्ञ हर एक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### हर दिन होंगी प्रतियोगिताएं

निदेशक ने बताया कि राज्य के सभी स्कूलों में 18 जून से 22 जून तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत 18 जून को क्विज प्रतियोगिता, 19 जून को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं 20 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 22 जून को प्रभातफेरी आयोजित की जायेगी, इसके बाद विद्यालय में स्पीच, स्लोगन मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। 24 जून को साइकिल रैली, 25 जून को प्रार्थना सभाओं में जागरूकता संदेश पढ़ा जायेगा।

## 200 छात्रों को दिलायी गयी नशामुक्ति की शपथ

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के युवाओं में नशे की बढ़ती लत को समाप्त करने के लिए कानून की कड़ी धाराओं के साथ-साथ व्यापक जन जागरूकता का भी प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची इकाई, अगधबोध फाउंडेशन और प्रेझा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आइटीआइ कौशल महाविद्यालय रांची में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अगधबोध फाउंडेशन के निदेशक प्रदीप गुप्ता ने छात्राओं को नशीली दवाओं और ड्रग्स के दुष्प्रभावों से दूर रह कर बेहतर करियर संवारने और सामाजिक जीवन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। एनसीबी रांची इकाई के अधीक्षक सैयद शारिक उमर ने ड्रग्स के दुष्प्रभावों, बचाव और इनसे संबंधित कड़े दंड प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। आगामी 26 जून को मनाये जानेवाले नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस को ध्यान में रख कर उपस्थित 200 से अधिक छात्राओं और सहभागियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलायी गयी। जीवन को हां, नशे को ना के उद्घोष से नशे का झारखंड से उन्मूलन करने का निश्चय किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशल महाविद्यालय के निदेशक साकेश सिंह, इंस्पेक्टर राकेश गोस्वामी, उपनिरीक्षक सोनू, अगध बोध फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड गौरव महतो, अंजली सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सफेद बाघिन के स्वागत को तैयार बिरसा जैविक उद्यान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा जैविक उद्यान में जल्द सफेद बाघिन को लाया जायेगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से आदेश मिलते ही बिरसा जू में जावा नामक सफेद बाघ की जोड़ी लाने के लिए सफेद बाघिन को लाया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न प्रजाति की पक्षी भी जू में आने वाले हैं।

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के जानवरों के आदान-प्रदान नियम के तहत दोनों जू के बीच समझौता होने के बाद बाघिन और पक्षी को लाने और बाघ, नीलगाय और लकड़बग्घा का आदान-प्रदान होगा। इसके लिए दोनों चिड़ियाघर के बीच सहमति हो गयी है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण का आदेश प्राप्त होने के बाद जानवरों की अदला-बदली कर दी जायेगी।

### पक्षियों से बढ़ेगी शोभा

बिरसा जू में सफेद बाघिन और कई तरह के पक्षियों को लाया जायेगा। सफेद बाघिन के आने से चिड़ियाघर में जावा नामक बाघ को जोड़ीदार मिल जायेगा। ओरमांझी जू से नंदनकानन चिड़ियाघर भुवनेश्वर ओड़िशा को एक जोड़ा बाघ, तीन जोड़ी नीलगाय और एक जोड़ा लकड़बग्घा देने पर सहमति दोनों चिड़ियाघर के बीच हो चुकी है। सबकुछ सामान्य रहा, तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जानवरों को लाया जा सकता है।

# जल का जंजाल

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के लोगों को पानी की कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है। इन हालात में दिल्ली ने पड़ोसी राज्य हरियाणा से मानवता के आधार पर अधिक पानी देने की अपील की है। अगर हरियाणा के पास अधिक पानी है तो उसे दिल्ली की मदद जरूर करनी चाहिए। दिल्ली जल संकट का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा हुआ है। हालांकि शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल सही है कि उसके पास पानी के बंटवारे का फॉर्म्युला तय करने की विशेषज्ञता नहीं। वैसे भी अभी यह समय फॉर्म्युला निकालने का नहीं है। अभी दिल्ली को पानी चाहिए, जल्द से जल्द। पानी को लेकर हिमाचल, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और दिल्ली के बीच 1994 में एक एमओयू साइन हुआ था। हालांकि इस बात को तीन दशक बीत चुके हैं और इस दौरान दिल्ली की आबादी, उसकी जरूरतें बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इसलिए पुराने समझौते में बदले हुए हालात के मुताबिक बदलाव करना बेहतर होगा। पानी की समस्या केवल दिल्ली की नहीं, देश के लगभग सभी बड़े शहर इससे जूझ रहे हैं। कुछ अरसा पहले बेंगलुरु से ऐसी खबरें आ रही थीं। मुंबई में भी इस साल बीएमसी को पानी में कटौती करनी पड़ी। यह साफ इशारा है कि हमारा जल प्रबंधन ठीक नहीं। अभी तक जो भी इंतजाम किये हैं हमने, वे कारगर नहीं हो पा रहे हैं। वक्त है कि उनकी फिर से समीक्षा की जाये। हमारे शहर जिस संकट का सामना कर रहे हैं, वह केवल इस साल की कहानी नहीं है। जलवायु परिवर्तन का असर गहराने के साथ यह संकट भी बढ़ता जायेगा। इससे बचने के लिए प्रभावी और दूरगामी कदम उठाने होंगे। हमारी नदियों में पानी की गुणवत्ता और खराब होती जा रही है। तमाम नदियों का पानी तो अब जानवरों के पीने लायक भी नहीं बचा है। यही हाल तालाब, कुओं और दूसरे जलाशयों का भी है। कई जगह अतिक्रमण हो चुका है। इस पर सख्त एक्शन लेना होगा। दिल्ली में जब संकट गहराया है, तो टैंकर माफिया की बात चल निकली है। लेकिन, सोचने वाली बात है कि ये माफिया एकाएक तो इतने मजबूत हुए नहीं होंगे। इन पर पहले एक्शन क्यों नहीं हुआ? और इन्हें किनकी शह मिल रही है? इसी तरह वॉटर रीसाइक्लिंग और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज पर कितना काम हो रहा, इसे भी चेक किया जाना चाहिए। पानी जैसी बुनियादी जरूरत की किल्लत सबसे ज्यादा मार करती है गरीबों पर। अमीर तबका पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा सकता है, लेकिन टैंकर के पीछे दौड़ने और सार्वजनिक नलों पर धूप में लंबी लाइन लगाने वाली आम जनता कहां जाये? किसी भी पॉलिसी में इनका ध्यान रखना चाहिए। यह मसला अब राजनीति का नहीं रह गया है।

**दिल्ली जल संकट का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा हुआ है। हालांकि शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल सही है कि उसके पास पानी के बंटवारे का फॉर्म्युला तय करने की विशेषज्ञता नहीं। वैसे भी अभी यह समय फॉर्म्युला निकालने का नहीं है। अभी दिल्ली को पानी चाहिए, जल्द से जल्द।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गयी है। यदि एनटीए की मानें तो नीट कट ऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढ़ने का मतलब है कि परीक्षा कंपीटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया, परंतु क्या यह बात सही है? गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिलते हैं। इसके साथ ही ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 एवं 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो कि परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है।**

# नीट परीक्षा : हंगामा है क्यों बरपा?

**विनीत नारायण**

**जब** भी कभी हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सुनते हैं, तो सबके मन में व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठते हैं। इससे पूरी व्यवस्था में फैले हुए भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी खबरें कुछ ज्यादा ही आने लगी हैं। सोचने वाली बात है कि इससे देश के युवाओं पर क्या असर पड़ेगा? महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के मन में इस बात का डर बना रहेगा कि रसूखदार परिवारों के बच्चे पैसे के बल पर उनकी मेहनत पर पानी फेर देंगे? मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले के बाद अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट परीक्षा में हुए घोटाले पर जो बवाल मचा है, उससे तो यही लगता है कि चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है।

जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गयी है। यदि एनटीए की मानें तो नीट कट ऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढ़ने का मतलब है कि परीक्षा कंपीटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया, परंतु क्या यह बात सही है? गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिलते हैं। इसके साथ ही ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 एवं 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो कि परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है। 720 के टोटल मार्क्स वाली नीट परीक्षा में हर सवाल 4 अंक का होता है। गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटता है। अगर किसी स्टूडेंट ने सभी सवाल सही किये, तो उसे 720 में से 720 मिलेंगे। अगर एक सवाल का उत्तर नहीं दिया, तो 716 अंक मिलेंगे। अगर एक सवाल गलत हो गया, तो उसे 715 अंक मिलने चाहिए। लेकिन 718 या 719 किसी भी सूरत में नहीं मिल सकते। जाहिर है तगड़ा घोटाला हुआ है।

**एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है।**




**सोचने वाली बात है कि देश का भविष्य माने जाने वाले विद्यार्थी, जो आगे चल कर डाक्टर बनेंगे, यदि इस प्रकार भ्रष्ट तंत्र के चलते किसी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पा भी लेते हैं, तो क्या भविष्य में अच्छे डाक्टर बन पायेंगे या पैसे के बल पर वहां भी पेपर लीक करवा कर मुन्ना भाई एमबीबीएस की तरह सिर्फ डिग्री ही हासिल करना चाहेंगे चाहे उन्हें कोई ज्ञान हो या न हो?**

जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा दी, उनसे जब यह पूछा गया कि इस बार की परीक्षा कैसी थी? तो उनका जवाब था कि इस बार की परीक्षा काफी कठिन थी, कटऑफ काफी नीचे रहेगी। एनटीए द्वारा एक और स्पष्टीकरण भी दिया गया है जिसके मुताबिक इस बार टॉप करने वाले कई बच्चों को ग्रेस मार्क्स भी दिये गये हैं। इसका कारण है कि फिजिक्स के एक प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। ऐसा इसलिए है कि फिजिक्स की एक पुरानी किताब जिसे 2018 में हटा दिया गया था, वह अभी भी पढ़ी जा रही थी। परंतु यहां सवाल उठता है कि आजकल के युग में जहां सभी युवा एक-दूसरे के साथ सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं या फिर जहां कोचिंग लेते हैं, वहां पर सबसे संपर्क में रहते हैं, फिर ये कैसे संभव है कि 6 साल पुरानी किताब को सही नहीं कराया गया होगा?

अगला सवाल यह भी उठता है कि एनटीए द्वारा किस आधार पर ग्रेस मार्क्स दिये गये? जबकि मेडिकल परीक्षाओं में ग्रेस मार्क्स देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार यदि प्रशासनिक लापरवाही के कारण परीक्षार्थी का समय खराब हो तो किन विद्यार्थियों को किन परिस्थितियों में कितने ग्रेस मार्क्स दिये जा सकते हैं। परंतु गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का यहां उल्लेख किया जा रहा है, वह कॉमन लॉ एडमिशन टैस्ट (सीएलएटी) के लिए था उसी आदेश में यह साफ-साफ लिखा है कि यह आदेश मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा, परंतु एनटीए ने न जाने किस आधार पर इस आदेश को संज्ञान में लिया और ग्रेस मार्क्स दे दिए? नीट परीक्षा का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है और अदालत ने नीट परीक्षा करवाने वाली एजेंसी एनटीए को व केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। देखना होगा कि ये दोनों कोर्ट में क्या जवाब दाखिल करते हैं? परंतु जिस तरह इस मामले ने तूल पकड़ा है, इस पर राजनीति भी होने लग गयी है।

सोचने वाली बात है कि देश का भविष्य माने जाने वाले विद्यार्थी, जो आगे चल कर डाक्टर बनेंगे, यदि इस प्रकार भ्रष्ट तंत्र के चलते किसी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पा भी लेते हैं, तो क्या भविष्य में अच्छे डाक्टर बन पायेंगे या पैसे के बल पर वहां भी पेपर लीक करवा कर मुन्ना भाई एमबीबीएस की तरह सिर्फ डिग्री ही हासिल करना चाहेंगे चाहे उन्हें कोई ज्ञान हो या न हो? सवाल सिर्फ नीट की परीक्षा का ही नहीं है, पिछले कुछ वर्षों से अनेक प्रांतों में होने वाली सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लगातार घोटाले हो रहे हैं। जिनकी खबरें आये दिन मीडिया में प्रकाशित होती रहती हैं। एक मध्यम वर्गीय या निम्न वर्गीय परिवार के पास अगर खुद की जमीन-जायदाद, खेतीबाड़ी या कोई दुकान न हो तो नौकरी ही एकमात्र आय का सहारा होती है। घर के युवा को मिली नौकरी उसके मां-बाप का बुढ़ापा, बहन-भाई की पढ़ाई और शादी, सबकी जिम्मेदारी संभाल लेती है, पर अगर बरसों की मेहनत के बाद घोटालों के कारण देश के करोड़ों युवा इस तरह बार-बार धोखा खाते रहेंगे तो सोचिए कितने परिवारों का जीवन बर्बाद हो जायेगा? यह बहुत गंभीर विषय है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों को फौरन ध्यान देना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा: रामचंद्र सहिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड स्थित प्रधान कार्यालय मे आजसू पार्टी का एक बैठक आयोजन किया गया। सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष मृतुंजय सिंह के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बीते लोकसभा चुनाव मे एनडीए प्रत्यासी की जीत सुनिश्चित हेतु सभी को बधाई दी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उसी ऊर्जा और जूनून के साथ स्थानीय समस्या को लेकर मतदाताओ के बिच जाने और लोगो को पार्टी के विचार के साथ जीत सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिया। श्री सहिस ने कहा केंद्रीय समिति द्वारा 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होने कहा जुगसलाई विधानसभा के सभी प्रखंडों में भी बलिदान दिवस मनाया जायेगा। जहा हजारो युवा उपस्थित रहेंगे।

साथ ही सभी प्रखंड में पौधारोपण भी किया जाएगा। पूर्व मंत्री रामचंद सहिस ने कहा वर्तमान सरकार इस राज्य के आंदोलकारियों के बलिदान को भूल चुकी है। यहा के मुलवासी और शोषित वँचित लोगो के लिए संघर्ष करने वाले व अलग राज्य के लिए किये संघर्ष कर राज्य के निर्माण करने वाले महापुरषो को सरकार भूल चुकी है। इसलिए आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रुप मे मनाया जाएगा। इस अवसर पर आदित्य महतो, मृतुंजय सिंह, रामनाथ महतो, गुणधर कुंभकार, छुटूलाल सिंह, काजल गोप,निर्मल सिंह, मेनका किस्कु, पारुल दे ,रेणुका महतो, रूपा सिंह, सुमित्रा महतो सहित आजसू पार्टि के अन्य नेता व कार्यकर्ता के साथ सभी प्रभारी मजबूत रहे।

# आजसू छात्र मोर्चा के कई नेताओं ने विधायक मंगल कालिंदी के समक्ष झामुमो का थामा दामन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजसु पार्टी के छात्र नेताओं ने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी से कार्यालय में मुलाकात कर झामुमो का दामन थामा। सोमवार को विधायक ने सभी युवाओ को पुष्पगुच्छ भेट कर झामुमो के नीति और सिद्धांत के साथ पार्टी में शामिल कराया।मौके पर आजसु पार्टी के छात्र नेताओं ने विधायक के प्रति आभार प्रकट की। उन्होंने कहा विधायक मंगल कालिंदी की अच्छे व्यवहार और क्षेत्र में किये गए विकास कार्य से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए। विधायक के नेतृत्व में उनके साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए तेजी से विकास का कार्य में शामिल होंगे। वही विधायक मंगल कालिंदी ने सभी छात्र नेताओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनका स्वागत किया। मौके पर आजसू छात्र मोर्चा के कॉलेज अध्यक्ष आशुतोष कुमार, छात्र मोर्चा के कोल्हान उपाध्यक्ष आकाश सिंह, छात्र मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकित केसरी, जिला उपाध्यक्ष युवराज सिंह और जिला उपाध्यक्ष सूर्यकुमार शामिल रहे।

# समाज और देश के लिए घातक है नशा: प्राचार्य डॉ चौधरी

**मादक पदार्थों के विरुद्ध घाटशिला कॉलेज में 18 से 26 जून तक चलेगा जागरूकता अभियान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध घाटशिला कॉलेज में 18 से 26 जून तक आठ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने आठ दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों का रूपरेखा तैयार कर अधिसूचित भी कर दिया है। प्राचार्य ने बताया कि नशा समाज और देश के लिए घातक है। इस अभियान के माध्यम से मादक द्रव्य व्यसन के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है।

प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि पश्चिमी संस्कृति वाले देशों का अनुकरण करते हुए आज भारतीय युवा पीढ़ी में बढ़ती मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर समस्या का रूप धारण करती जा रही है। युवा वर्ग गांजा, चरस, हीरोइन, कोकिन, अफीम, अल्कोहल आदि मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं। इसका गंभीर दुष्परिणाम उन्हें भुगतना पड़ता है। ऐसी नशीली पदार्थों के प्रति युवा पीढ़ी के भटकाव को रोकने हेतु घाटशिला महाविद्यालय में 18 जून से 26 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस विशेष कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो इंदल पासवान व प्रो अर्चना सुरीन को दिया गया है।

# रेल दुर्घटना से हताहतों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना: काले

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही )।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व जमशेदपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने पश्चिम बंगाल में हुई भयावह रेल दुर्घटना पर गहरा दुख प्रकट की। श्री काले ने कहा दार्जिलिंग में हुई रेल दुर्घटना से काफी आहत है। यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। इस घटना में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। उन परिवार वालों के साथ है। उन्होंने कहा अस्पताल में घायलो प्रति ईश्वर से जल्दी स्वस्थ होकर घर लौटने की ईश्वर से कामना करते है। प्राथना करते है कभी दोबारा ऐसी घटना घटित न हो। ऐसी घटना से मन, हृदय और मस्तिष्क को गहरी चोट लगती है। उन्होंने रेल मंत्रालय द्वारा किए गए फौरी राहत कार्य पर संतोष व्यक्त किया।

# चुनाव खत्म होते ही एक्शन में दिखे मंत्री बन्ना गुप्ता, कार्य का किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एक्शन दिखे। इसी क्रम में सोमवार को अचानक स्वर्णरेखा दुमुहानी घाट पहुंचे। जहा मंत्री ने द्वार निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही वहां उपस्थित अधिकारीयों से जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।गौरतलब है स्वर्णरेखा दुमुहानी घाट का सौंदर्यकरण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। जिसमें सीढ़ी का निर्माण किया जा चूका हैं।अब भव्य द्वार का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसके पूर्ण होने के बाद विभिन्न चरणों में सौंदर्यकरण का कार्य होना है।

# कार की टक्कर से ट्रैक्टर तीन टुकड़ों में बंटा, चालक गंभीर रूप से घायल



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल थाना अंर्तगत भादुडीह के समीप टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर सोमवार को एक एचएमटी ट्रैक्टर और स्विफ्ट कार में जबरदस्त टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए टीएमएच जमशेदपुर ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी की एचएमटी ट्रैक्टर का इंजन कुल तीन हिस्सों में बंट गया। बताया जा रहा है कार पर एक महिला दो बच्चे समेत कुल चार लोग सवार थे। कार चांडिल से जमशेदपुर की ओर जा रही थी। भादुडीह केनाल के पास पीछे से कार चालक ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही चांडिल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रखंड में प्रधानमंत्री की दूसरी महत्वाकांक्षी योजना भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

# आदिम जनजाति लाभुकों से हुई छह-छह हजार रुपये की अवैध वसूली









जितेंद्र यादव


**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना की तरह उनका जनमन योजना भी प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। उक्त योजना के नाम पर लाभुकों से छह छह हजार रुपये की अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है। राशि की वसूली करने वाला कोई और नहीं बल्कि गांव का ही बिचौलिया सुरेंद्र कोरबा नामक युवक है। मामला प्रखंड की तसरार पंचायत स्थित चकरी गांव के कोरवा समाज से जुड़ा है। उक्त गांव के लगभग दर्जनों लाभुकों से राशि की वसूली की गयी है। लाभुक सीमा देवी, चमेली देवी, सविता देवी, कलसिया देवी, मोती कोरवा इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों से प्रखंड के बाबुओं को देने के लिये गांव के ही युवक सुरेंद्र कोरवा के द्वारा प्रति लाभुक छः छः हजार रुपये की राशि वसूला गया है। उन्होंने बताया कि वह पैसा सुरेंद्र किस साहब को दिया हम सभी इसके बारे में कुछ भी नहीं बता सकते हैं। नरेश कोरवा ने बताया कि मेरे से सुरेंद्र कोरबा ने साहब को देने के लिये ?6000 की राशि की मांग किया जिसमें मैं उन्हें तत्काल ?5000 दे दिया। शेष ?1000 बाद में देने के लिए उन्हें कहा तो वह इस पर राजी नहीं हुवा। साथ ही पूर्व में लिया हुआ 5000 भी मुझे वापस कर दिया। उसके अलावा विमला देवी, फुलमतिया देवी ने बताया कि हम लोगों को शुरूआती दौर में ही योजना मद की पहली किस्त ?30000 की राशि खाते में हस्तांतरित कर दी गयी थी । उसके बाद अभी तक दूसरे किस्त की राशि खाता में नहीं आ सका है। जबकि पहली किस्त की राशि के ऐवज में हम लोगों ने अपने-अपने कार्य को पूरा भी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाता में राशि हस्तांतरित करने के लिये हम लोगों से भी सुरेंद्र कोरबा के द्वारा 6000 रुपये की राशि मांग की जा रही है। हम सभी न तो उन्हें उक्त राशि दे रहे हैं और ना ही उनके द्वारा दूसरी किस्त की राशि हम लोगों के खाते में हस्तांतरित करवाया जा रहा है । जबकि जिन जिन लोगों के द्वारा उन्हें छः छः हजार रुपये रिश्वत की राशि दिया जा रहा है उनके खाते में सुरेंद्र के द्वारा दूसरी किस्त की राशि डलवा दिया जा रहा है। विदित हो कि इससे पूर्व भी मुख्यालय पंचायत डंडई में पीएम आवास योजना के नाम पर आवास प्रखंड समन्वयक के द्वारा लाभुक से अवैध राशि की वसूली की गयी थी। मामले में जांच के बाद उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया था। उसके बाद पुनःप्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना जनमन में रिश्वतखोरी का मामला सामने आना शुरू हो गया। पूछने पर सुरेंद्र कोरवा ने बताया कि मेरे द्वारा किसी भी लाभुक से ना तो राशि ली गयी है और न ही उनसे राशि की मांग की गयी है। लाभुकों के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। उधर प्रखंड के प्रभारी आवास समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जहां तक रिश्वतखोरी की बात है तो उसकी जांच करा कर मैं आगे की कार्रवाई करूंगा।

## नमाज अदा करने के लिए नमाजियों को भीड़ उमड़ी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद उल अजहा अर्थात कुबार्नी का पर्व बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी। मौके पर भारी संख्या में ईदगाह मैदान में बकरीद की नमाज अदा करने के लिये नमाजियों को भीड़ उमड़ी। बकरीद को लेकर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोगों में चहल पहल दिखा। सुबह से ही नये कपड़े पहन छोटे-छोटे बच्चों के साथ ईदगाह मैदान और मस्जिद की ओर बकरीद की नमाज के लिये जाते हुए लोग नजर आए। बकरीद के मौके पर अरसली, मकरी, बेलपहाड़ी, बघमनवा, टाउनशिप में काफी रौनक देखी गयी। चपरी में मौलाना नसीम अहमद, बेलपहाड़ी में मौलाना हसमत अली, अरसली उत्तरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, मकरी में करी अजमेर अली ने नमाज पढ़ाई। ईदगाह कर्बला मैदान में हिंदू भाइयों के अलावा शहर के जनप्रतिनिधि ने पहुंचकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगो में गंगा जमुना तहजीब का नजारा देखने को मिला। बकरीद को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये। कृष्ण कुमार सुरक्षा का कमान थामे हुए थे।

## बकरीद शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति व शौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न गांवों में स्थित ईदगाहों में मुश्लिम भाइयों बकरीद की नमाज अदा किए। कांडी ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज पढा गया। जहां पर हाफिज अब्दुल माजिद खान ने नमाज पढाया। यहां पर कांडी के अलावे ढबरिया, हरिहरपुर व कुछ लोग सड़की के बकरीद का नमाज पढ़े। भुड़वा ईदगाह में हाफिज बाबर आजम, कुरकुटा ईदगाह में हाफिज मोहम्मद गुलजार, पतीला ईदगाह में हाफिज अब्दुल्ला, अधौरा ईदगाह में हाफिज इमामुद्दीन ने अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा व तेलियानिजामत गांव के मुश्लिम भाईयों को नमाज पढाया। उधर सड़की ईदगाह में कयामुद्दीन कादरी, जमुआ ईदगाह में हाफिज मनान व लमारी खुर्द ईदगाह में हाफिज सफायद अंसारी ने ईद का नमाज पढाया। इस अवसर पर कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार,समाजसेवी विकास दुबे, उप मुखिया ने कांडी ईदगाह में पहुंचकर मुश्लिम भाइयों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दिया। उधर सड़की ईदगाह में पहुंचकर राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान ने भी वहां उपस्थित व प्रखंड के सभी मुस्लिम भाइयों को बकरीद की मुबारकबाद दिया है।

## मानवता की सेवा में समर्पित रहता है लायंस क्लब : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में चिनिया रोड में स्थाई पानी टंकी का पूर्ण निर्माण कराकर, मुख्य अतिथि गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर के हाथों उद्घाटन कराकर आम राहगीरों और जरुरतमंदों को समर्पित किया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने फिता काटकर इस पानी टंकी का उद्घाटन करते हुए कहा कि मानवता कि सच्ची सेवा कर रहा है लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल। ये क्लब वैसे तो सालों भर जनहित में अच्छी सेवा कार्य करती रहती है। लेकिन अभी गर्मी बेतहाशा बढ़ी हुई है ऐसे में स्थाई पानी टंकी आम जनों के लिए वरदान साबित होगा। वहीं लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि हमारा ये क्लब 1986 से सेवा में समर्पित है। लायंस विशाल का ये स्थाई पानी टंकी 2021 से ही सेवा में है लेकिन अब इसे और बेहतर तरीके से बनाकर आज से आम नागरिकों के लिये सौंप दिया गया है।

इस मौके पर मुख्य रूप से क्लब के वरिष्ठ अधिकारी डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ एनके रजक, डॉ बिरेंद्र कुमार, रघुवीर प्रसाद कश्यप, नंदलाल प्रसाद, देवानंद शर्मा, गिरिश कमलापुरी, मदन कुमार, और क्लब पीआरओ सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ईद-उल-अजहा का त्योहार जिले भर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया

# सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देता है बकरीद : मंत्री मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार सोमवार को जिले भर में पारंपरिक तरीके से मनायी गयी। स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के उंचरी स्थित ईदगाह, मस्जिद, मदरसा आदि स्थानों पर पहुंचकर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद का त्यौहार समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। यह इस्लाम धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। यह पर्व त्याग और बलिदान का प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि बकरीद का महत्व केवल बलिदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपनी प्रिय वस्तुओं को अल्लाह के रास्ते में त्यागने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह त्योहार हमें परस्पर प्रेम, सद्भावना, और सहायता का पाठ पढ़ाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बलिदान और सेवा में ही सच्ची खुशी और संतोष निहित है। बकरीद का त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी प्रकट करता है। यह हमें त्याग, निष्ठा, और सामाजिक सेवा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। बकरीद का त्योहार वास्तव में एक ऐसा पर्व है जो हमें आपस में जोड़ता है और प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलता है। यहां सभी धर्म के लोग आपस में मिल जुल कर एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। वे ऊपर वाले से यही प्रार्थना करते हैं कि यहां आपसी एकता, भाईचारा और सद्भावना हमेशा बनी रहे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मदनी खान, मासूम खान, डॉ असजद अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सूरत कमाने गये नाबालिग की मौत, शव आते ही मचा कोहराम



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल थाना क्षेत्र के ग्राम तमगेकला गांव निवासी विरू मिस्त्री के 15 वर्षीय नाबालिग पुत्र धनंजय लोहरा की मौत सूरत में काम करने के दौरान हो गयी। इसके संबंध में मृतक के पिता विरू मिस्त्री ने बताया कि वह बेहद गरीब व्यक्ति हैं और वे सपरिवार सोन नगर मोहम्दगंज में ईट पाथने गया था। वही से उसका पुत्र धनंजय लोहरा को छत्तीसगढ़ भंवरमाल के केमरा गांव के रहने वाला ठेकेदार परिमल बंगाली ने बहला फुसला कर काम कराने के लिये सूरत ले गया जहां काम करने के दौरान धनंजय लोहरा की मौत हो गयी। मृतक के पिता ने बताया कि उसकी चार बेटियों के बाद एकलौता लड़का था वह भी इस दुनिया से हमें छोड़कर चला गया। मुआवजा के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि वह ठेकेदार मुआवजा देने से इंकार कर रहा है। वह सिर्फ श्राद्ध कर्म का खर्चा देने को बोल रहा है। नाबालिग के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने बोला कि वह समझ लेगा और वह आधार कार्ड में 15 के जगह पर 19 वर्ष करा के काम करवा रहा था। ठेकेदार परिमल बंगाली जो अपने को सरदार भी कहता है ने आधार कार्ड और गेटपास वगैरह गुम कर दिया है। शव गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया और माता पिता और परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक लोग अंतिम संस्कार के लिये तैयारी में लगे हुए थे।

## बकरीद का त्योहार समानता और भाईचारे का संदेश देता है : अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** त्याग, बलिदान, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक ईद उल अजहा बकरीद पर्व अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदगाह व मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा किया मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा का त्योहार आपसी सौहार्द इबादत और भाईचारे के साथ सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया ईद उल अजहा को लेकर अहले सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह में पहुंचे और नमाज अदा की। उसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की



बधाई दी इस दौरान बच्चे युवा और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया लोगों ने बकरीद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन खुशहाली,आपसी भाईचारा और तरक्की की दुआ मांगी अनुमंडल मुख्यालय गोसाईंबाग स्थित ईदगाह, बरडीहा मस्जिद, नरही स्थित ईदगाह, कुशदंड स्थित ईदगाह, कधवन स्थित ईदगाह, हुलहुला स्थित मस्जिद सहित अन्य जगहों पर ईद उल अजहा नमाज अदा किया गया। गोसाईंबाग स्थित ईदगाह में मोहतमिम अब्दुल कादिर साहब के द्वारा ईद उल अजहा का नमाज अदा कराया गया ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व का दिन फर्ज-ए-कुर्बान का दिन होता हैं बकरीद पर सक्षम मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की राह में बकरे भेड़ की कुबार्नी देते हैं।

## जेसीबी से टकरायी बाइक, एक की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव -सुंडी पुर मेन रोड के खरसोता स्कूल के समीप पुलिया के पास विपरीत दिशा से जा रही जेसीबी में टक्कर लगने से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों में से एक की मौत हो गयी। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को देर रात मझिआंव की ओर से जेसीबी मोरबे गांव की ओर जा रही थी। उसी क्रम में मोरबे पंचायत के करकट्टा गांव निवासी लगभग 22 वर्षीय नंदन राम, और 22 वर्षिय गोपाल राम तथा कांडी थाना क्षेत्र के मोंखापी गांव निवासी लगभग 25 वर्षीय निरंजन राम करकट्टा गांव से गढ़वा बरात जाने के क्रम मे अचानक खरसोता पुलिया के समिप मोटर साइकिल सवार ने



लाईट से चौंधियाकर जेसीबी के स्पॉकेट के अंदर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना में मोटरसाइकिल चूर-चूर हो गया। इस दुर्घटना में नंदन राम की स्थिति गंभीर देखते हुए सीधे सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया । जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल में मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर बवाल भी किया। इधर दोनो घायलों में गोपाल और निरंजन को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना में मोंखापी गांव निवासी निरंजन राम का हाथ टूट गया है जबकि गोपाल राम को गंभीर चोटे लगी है। इधर मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार ने इस संबंध में बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल तथा जेसीबी को थाना ले आया गया है। तथा गढ़वा से घायल के फर्द ब्यान आने के बाद प्राथमिक दर्ज कराकर कार्रवाई की जायेगी। जेसीबी करीवाडीह गांव निवासी रघुवीर चौधरी का बताया जा रहा है।

## लू लगने से वृद्ध की हुई मौत

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी लगभग 60 वर्षीय राम प्यारी बैठा की मृत्यु लू लगने से हो गयी। परिजनों ने बताया कि रविवार को दिन के लगभग 1:30 बजे दिन में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद ईलाज के लिये अस्पताल ले जाने की तैयारी की ही जा रही थी कि इसी क्रम में सोमवार की शाम 5:00 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। इस मौके पर मृतक के दाह संस्कार में परिजन सहित रामपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उतरी के प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, मृतक के पुत्र जय प्रकाश बैठा, धनंजय बैठा, संजीव रजक, सुबास रजक, मृतक के भाई कामेश्वर बैठा, ब्रुज लाल राम, निकी यादव, राजेश विश्वकर्मा,दशरथ पासवान, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ ईद उल अजहा गले लग कर एक दूसरे को दी मुबारकबाद



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन और चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। त्यौहार में सुरक्षा के मद्देनजर सभी ईदगाहों तथा मस्जिदों पर पुलिस प्रशासन सक्रिय रही।

# 25 परिवार पीने के पानी के लिए एकमात्र कुआं पर निर्भर हैं

पंचायत के उक्त टोला में मुखिया फंड से पेयजल हेतु कोई भी व्यवस्था नहीं किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** उमस भरी प्रचंड गर्मी से जहां लोग परेशान हैं, वहीं कहीं कहीं लोगों में पेयजल को लेकर हाहाकार मची है। कुछ इसी तरह का मामला प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के परसलेवा टोले का है। उक्त टोला के 25 परिवार पीने के पानी के लिए एकमात्र कुआं पर निर्भर हैं। पंचायत के उक्त टोला में मुखिया फंड से पेयजल हेतु कोई भी व्यवस्था नहीं किया गया है। टोला के लोग मजबूरन एकमात्र कुआं से ही प्यास बुझाने पर विवश हैं।



### टोला में पानी की भारी किल्लत

टोला के अकलेश बियार, नरेश बियार, बुधनारायण चेरो, देवराज चेरो, भुखाड़ी सिंह, रामचंद्र बियार, कमलेश बियार आदि ने बताया कि टोला में पानी को लेकर भारी किल्लत है। परसलेवा टोला में अभी तक पेयजल के लिए पंचायत स्तर से यहां कोई भी चपाकल या सोलर जलमिनार नही लगायी गयी है। बताया कि टोला में पेयजल की व्यवस्था हेतु पंचायत के पूर्व व वर्तमान मुखिया से कई दफा गुहार लगा चुके है, लेकिन मुखिया द्वारा इसका कोई समाधान नहीं किया जा सका है। टोला के लोगो के द्वारा अपने स्तर से खोदे गये कुआं के पानी से ही यहां के रहने वाले 25 परिवार पेयजल का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अभी हाल ही में हर घर नल-जल योजना से संचालित जलापूर्ति योजना का लाभ इस टोला के घर तक नही पहुंचा है। एक तरफ गर्मी और दूसरी ओर पानी की किल्लत ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात ऐसे हैं, कि लोगों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ये हाल सिर्फ अरसली के परसलेवा टोला का ही नहीं, बल्कि कमोवेश आसपास के कई गांवों में है। जिससे इस भीषण गर्मी में स्थानीय लोगों को पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

## जलमीनार से गिरकर मजदूर की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा थाना क्षेत्र के गरनाहा गांव के शंकर राम 45 वर्ष पिता अकलू राम की मजदूरी करने के दौरान जलमीनार से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शंकर राम ने रविवार को गढ़वा थाना क्षेत्र के गांगी गांव में मजदूरी करने गया था। वहां निमार्णाधीन जलमीनार का पोताई कर रहा था। इस दौरान वह नीचे गिरकर घायल हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि मेदिनीनगर ले जाए जाने के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद उसके स्वजन शव को लेकर सदर अस्पताल गढ़वा आ गये। इधर, शंकर राम की मौत की सूचना पर गढ़वा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया।

## अवैध बालू उठाव को लेकर मारपीट में एक घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी उदय चौधरी पिता जगदीश चौधरी मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में घायल उदय चौधरी ने बताया कि उसने अपने गांव के सामने दानरो नदी से बालू निकाल कर अपनी जरूरत के लिए स्टाक किया है। जबकि गांव के कई लोग भी बालू का स्टाक कर रखे हैं। उसने बताया कि रविवार की रात में उसके गांव का अशोक चौधरी ने ट्रैक्टर पर मेरे स्टाक का बालू उठा रहा था। जब उसे बालू उठाने से मना किया तो मंतु चौधरी, उसका पुत्र सुनील चौधरी और ट्रैक्टर मालिक अशोक चौधरी ने मिलकर उदय चौधरी पर कुदाल और डंडे से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## विधायक ने विभिन्न गांवों के पाहनों, पुजारियों और ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

# सरना धर्म और संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि गांव को बनाने वाला, विधि व्यवस्था बनाने वाले, पूजा पाठ कराने वाले मुंडा, पाहन और पुजार संगठित होकर रहेंगे, तो अपने धर्म और संस्कृति को संजोए रख सकते हैं और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। विधायक स्थानीय नगर भवन में विधानसभा स्तरीय सरहुल मिलन संचालन समिति द्वारा सोमवार को आयोजित कर्रा, मुरहू और खूंटी के गांवों के ग्राम प्रधान, पहान और पुजार के सम्मान में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व विधायक और समिति के अन्य कार्यकताओं ने समारोह में पहुचे लगभग सात सौ पाहनो, ग्राम प्रधान और पुजारों को पगड़ी पहनाकर उन्हें सम्मानित किसा।



खचाखच भरे नगर भवन में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक मुंडा ने कहा कि सरना धर्म, और संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। आज हम सभी सरना झंडा के नीचे एकजुट होकर धूमधाम से सरहुल महोत्सव मनाते हैं। माहिल में आयोजित सरहुल मिलन समारोह में लोगों की भीड़ 25-30 हजार से अधिक लोगों की भीढ़ जुटती है। उन्होंने कहा कि हम संगठित होकर सभी समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का काम करेंगे। विधायक ने कहा, मैं हमेशा समाज के साथ मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले की कांग्रेस सरकार ने आदिवासी-सरना को धर्म कोड से हटाकर सरना धर्म को अलग करने की साजिश रचने का काम किया। विधायक ने कहा कि 1961 में हमारा धर्म कोड हटा दिया गया। भाजपा में होते हुए भी मैंने सरना कोड का विधानसभा में समर्थन किया और सरकार को इसके लिए बाध्य किया। उन्होने कहा कि हमें अपना धर्म, संस्कृति, पूजा-पाठ, रहन-सहन खानपान को बचाते हुए सभी धर्मों का सम्मान करना हैं और सबके साथ मिलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, मैं हर सुख-दुःख में आपके साथ हूं। हमें अपने गांव और समाज को आगे बढ़ाना है। भाजपा के प्रदेयश उपाध्यक्ष मुंडा ने कहा कि संस्कृति, जंगल, पहाड़ और नदी को बचा कर रखना जरूरी है। गांव में पहान सभी के कष्ट को दूर करने और सुख-समृद्धि के लिए पूजा करते हैं। उन्होंने कहरा कि मैं पांच5 बार विधायक बना। इस दौरान उनका प्रयास रहा कि जिस मकसद से लोगों ने विधायक बनाया, उसे पूरा करें। मेरा प्रयास है कि सभी लोगों का विकास हो। उन्होंने कहा कि अब हम अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक हो रहे हैं। समारोह को नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन पाहन, तेंबा उरांव, डहरू पाहन, हरि सिंह मुंडा, छुनकु मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व स्वागत भाषण अनुप कुजूर ने किया। कार्यक्रम का संचालन बिरसा धान और विनोद नाग ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनधि काशीनाथ महतो, रूपेश जयसवाल, राजेश महतो, कैलाश राम महतो, मुसाफिर विश्वकर्मा सहित खूंटी, तोरपा और कर्रा प्रखंड के पाहन, पुजार और ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

### राजनीतिक हित साधने में सफल रहे नीलकंठ सिंह मुंडा

पाहनों, पुजारों और ग्रामी प्रधानों के सम्मान में आयोजित समारोह वैसे तो पूरी तरह गैर राजनीतिक था और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी राजनीति और चुनाव को लेकर कुछ नहीं किया, पर जानकार बताते हैं कि सम्मान समारोह के बहाने विधायक अपना राजनीतिक हित साधने में पूरी तरह सफल रहे। सम्मान सामरोह में जिस प्रकार पाहनों और ग्राम प्रधानों की भीड़ उमड़ी,उसे देखकर नीलकंठ सिंह मुंडा के विरोधी में कहने लगे कि अपने 25 वर्षों के कार्यकाल में वे गांवच वालों का विश्वास जीतने में सफल रहे और आनेवाले विधानसभा चुनाव में इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। वैसे कई पाहनों और ग्राम प्रधानों ने तो मंच से ही आसन्न विधाानसभा चुनाव में नीलकंठ सिंह मुंडा को छठी बार खूंटी का विधायक बनाने की अपील की।

## कालीचरण मुंडा ने दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा अपने पुत्र अजय सिंह मुंडा के साथ दिऊड़ी मंदिर में पूजा अर्चना किये। अपनी मनौती पुरा होने पर बकरे की बली देकर पुजा अर्चना किया सांसद ने खुटी लोकसभा के साथ देश की खुशहाली की कामना की। चुनाव के पुर्व भी मां से पुजा अर्चना किया था और जीत का आशीर्वाद मांगा था जिसे मां ने पुरा कर दिया। मौके पर खुटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, मदन मिश्रा, संजय सेठ, ललित कृष्ण मुंडा, अजय साहू, रामानंद तिवारी, विजय स्वांसी, बिनसाय मुंडा, विनीत सिंह, अर्जुन सेठ, अमीत लाला रोशन कामती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अड़की में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, न्यायालय का आदेश नहीं मान रहे लोग

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के अड़की कृषि फार्म के बीच निकट सेरेंगहातु मौजा के खाता नंबर 28/05 प्लॉट नंबर 1087/1071 रकबा 33 .21एकड़ पर सेरेंगहातु और अड़की के ग्रामीणों के बीच भूमि विवाद कई वर्षों से न्यायालय में चल रहा है जिस पर शुक्रवार को अचानक सेरेंगहातु के सैकड़ों ग्रामीण हरवे हथियार के साथ उक्त जमीन पर पहुंचे और लाभुक रोहित कुमार एवं धनंजय कुमार के अर्ध निर्मित आवास को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और उस पर सामाजिक झंडा गाड़ दिया गया। जिस पर पीड़ित पक्ष रोहित कुमार और धनंजय कुमार ने अड़की थाना में एक आवेदन देकर उदारकांत मुंडा, पूर्ण चंद्र मुंडा,पीतांबर मुंडा,समल पहान, लगोरा मुंडा,सोमा मुंडा,सामू मुंडा, गुरु मुंडा, गोमा मुंडा बुधु मुंडा, मोरा मंडा के विरुद्ध मामला दर्ज कराकर निमार्णाधीन सरकारी आवास क्षतिग्रस्त करने को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर अड़की थाना में कांड संख्या 31/24 धारा14 7, 148,149,188,427,379 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो की उक्त जमीन पर खुंटी अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी के द्वारा धारा 144 लागू किया गया जिसके तहत दोनों ही पक्ष विवादित भूमि पर जाने से प्रतिबंधित है ग्रामीणों के द्वारा आशंका जाहिर की जा रही है कि दोनों पक्षों में संघर्ष हो सकता है और माहौल बिगड़ सकता है अगर प्रशासन इसको हलके में लेती है तो आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जमीन पर झंडा गाड़ने से पुर्व सेरेंगहातु में झारखंड वृहद ग्राम सभा के बैनर सैकड़ों ग्रामीणों ने एक बैठक की थी फिर जूलूस की शक्ल में विवादित भूमि तक गये थे। इधर रविवार को अड़की के रैयतों ने भी एक बैठक की और आगे की रणनीति बनायी।

## ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गयी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूरे बुंडू प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद उल अजहा की त्योहार और नमाज शांतिपूर्ण अदा की गयी। जामा मस्जिद बुंडू में 7:30 बजे नमाज अदा की गयी। जमा मस्जिद में ईद उल अजहा के नमाजियों को अंजुमन मुस्लेमीन कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद खलील की अध्यक्षता में मौजूद मोहम्मद सलीम ने नमाज अदा कराया नमाज समाप्ति के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद में मुख्य रूप से मोहम्मद शाहिद मोहम्मद कमरुज्जमा मोहम्मद अशरफ मोहम्मद अमजद खान आदि शामिल थे। इस दौरान लोगों ने दर्जनों बकरों की कुबार्नी दी और एक दूसरे को सेवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

# सोनाहातू पूर्वी में एक करोड़ 11 लाख की दो योजनाओं का हुआ शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिलिंगसेरेग पंचायत अंतर्गत जामडीह गांव में 1 करोड़ की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क, तथा कोंकाडीह गांव में 11 लाख रुपये की लागत से 700 फीट नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है मौके पर इचागढ़ विधानसभा प्रभारी हरेलाल महतो, अवनी सिंह मुंडा, सुनील सिंह, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, भरत दास, तुलसी महतो, भूतनाथ महतो, अरुण महतो, परमेश्वर महतो, शंभूनाथ महतो, अशोक महतो, बिरिंची पुरान, महकम महतो, सहित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल पर मनाया गया देवनद दामोदर महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** युगांतर भारतीय दामोदर बचाओ आंदोलन और दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पिपरवार क्षेत्र के दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल पर देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और विशिष्ट अतिथि में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनजंय कुमार, पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यह इस क्षेत्र के लिये गौरव की बात है कि पिपरवार की धरती पर दोनों नदियों का संगम हुआ है। इस मौके पर देवनद दामोदर महोत्सव के जिला जिला संयोजक अश्विनी कुमार दाराद, पिपरवार संयोजक विजय लाल, दिलीप कुमार अंबष्ट, सुरेंद्र बैठा, राम बच्चन यादव, शिवमंगल गिरी, संतोष गिरी,बिनय सिंह, संजय सिंह, अमर कुमार सिंह, मनोज सिंह, शिवपूजन चौहान, शीला देवी, मनीष सरावगी, गणेश सिंह, रूबी सिंहा, सुजाता सिंहा, रंजू सिंह अन्य उपस्थित थे।

## बड़कीटांड़ में रैयत ग्रामीणों की बैठक में 20 जून से केडीएच खदान को अनिश्चितकालीन बंद करने पर बनी रणनीति

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बड़कीटांड स्थित विश्रामपुर पंचायत भवन में रैयत रतिया गंझू की अध्यक्षता ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक के दौरान आगामी 20 जून को घोशित केडीएच खदान के काम को अनिश्चितकालीन बंद करने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर रतिया गंझू ने कहा कि पुर्व में केडीएच प्रबंधन ने बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के नेता और जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो के साथ हुई वार्ता में यूनियन की ओर से रैयत ग्रामीणों की मांगों को रखा गया था। जिस पर प्रबंधन ने सभी मांगों को पूरा करने का लिखित आष्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं किया गया है, जिसके कारण बंद करने का निर्णय लिया गया है। वहीं बैठक में ग्रामीणों रैयतों से बंदी को सफल बनाने की अपील भी किया गया। बैठक में शंभूनाथ गंझू, शिवप्रसाद गंझू, सोनू गंझू, पिंटू कुमार, बालदेव गंझू, देवराज गंझू सहित विश्रामपुर पंचायत के रैयत और ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व मंत्री राजा पीटर



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के रंगामाटी ग्राम में संजू स्वांसी के पिताजी के श्राद्ध कर्म के अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर पहुंचे राजा पीटर ने श्राद्ध कर्म में सम्मिलित होकर संजू स्वांसी और उनके परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह संजू स्वांसी और उनके परिवार के साथ हैं और हर संभव सहायता के लिए तत्पर हैं। ग्रामीणों ने राजा पीटर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका समर्थन और सहयोग हमेशा रहा है। राजा पीटर ने श्राद्ध कर्म के दौरान स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया।

# सिविल सोसाइटी खलारी-डकरा की ओर से केंद्रीय अस्पताल में 23 जून को रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा केंद्रीय अस्पताल में सिविल सोसाइटी खलारी-डकरा द्वारा 23 जून को 17वां रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। शिविर का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार एवं क्षेत्र से सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह एवं मनोज रजक होंगे। इस संबंध में सिविल सोसाइटी के लोगों ने बताया कि रांची के सदर अस्पताल डे-केयर सेंटर में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह शिविर लगाया जाता है।

भीषण गर्मी के कारण सदर अस्पताल का ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी हो गयी है और ब्लड बैंक प्रबंधन ने खलारी के लोगों से सहयोग का अपील किया है इसलिए सिविल सोसाइटी ने इस विपरीत मौसम की परिस्थितियों में शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

### लोगों ने सहयोग करने की पेशकश की

शिविर में रक्तदान करने वालों को एनके प्रबंधन द्वारा डाइट चार्ट अनुरूप पैकेट, देवेन्द्र बाबू सेवा संस्थान खलारी द्वारा पौधा, रुचिका डेयरी होयर खलारी द्वारा लस्सी और विभिन्न संस्थानों के लोग स्वयं उपलब्ध रहकर सहयोग करने की बात कही है।

### झारखंड में दूसरे स्थान का पुरस्कार मिला है

14 जून को विष्व रक्तदान दिवस पर सिविल सोसायटी खलारी-डकरा को झारखंड में दूसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया है। शहर से दूर छोटे जगह पर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और जरूरतमंदों को मदद करने के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने टीम के सदस्यों को सम्मानित किया था।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू/राहे।** रांची सांसद संजय सेठ को केंद्र सरकार में रक्षा राज्य मंत्री बनाए जाने का बाद राहे प्रखंड और सोनाहातू प्रखंड में नागरिक अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री राहे स्थित सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। इस दौरान लोगों ने मंत्री को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। लोगो ने धोबी मोहल्ला में नाली निर्माण कराने की मांग रखी। राज्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि आप सभी के आशीर्वाद से केंद्र में मोदी सरकार बना। लोगो के विश्वास और भरोसा को कायम रखने का प्रयास होगा। मौके पर पुर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयर्गीय, वरिष्ट नेता डॉ राजाराम महतो, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, रेखा देवी, चितरंजन महतो, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति,सुशांत सिंह, मेघनाथ महतो,ज्योति कोइरी, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान राज्य मंत्री ने सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग, बारूडीह - पारमडीह और बांकू गांव पहुंचे जहां लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किए।

## चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मनी बकरीद



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कपाली, तिरुलडीह, चौड़ा, गुदडी टोला वनडीह, गौरांगकोचा आदि गांव में हर्ष उल्लास के साथ सादगी ओर भाईचारा का पर्व बकरीद मनाया गया। सुबह सात बजे से ही ईदगाह में समूचे गांव की जनता ने बकरीद की नमाज अदा की।नमाज के बाद, लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस महान पर्व के दौरान ग्रामीण ने बकरे को कुर्बान करके अपनी ईबादत पुरी की ओर गरीबों के साथ अपना खाना बांटा। चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सभी ईदगाहों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुकता इंजाम किया गया था।

## फुटबॉल लीग का मैच ड्रॉ खेला गया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच एफसी तमाड़ और एफसी पुण्डिदिरी के बीच खेला गया। यह संघर्षपूर्ण मुकावला में मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के दौरान मैदान में हीरा दास, हरीश चंद्र मुंडा, प्रेम पूर्ति, गुप्तेस्वर मुंडा, महावीर पुरान, नीरज हंस, रितेश कुमार, सुधीर दास, खुदिया मुंडा, सुभाष स्वांसी, राहुल कुंडू, आशीष गुप्ता और अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। मंगलवार का मैच एन सी स्पोर्टिंग बनाम जांबाज ब्रदर्स के बीच होगी।

## शादी समारोह में शामिल हुए राजा पीटर



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की में स्वर्गीय धनंजय पातर की सुपुत्री की शादी समारोह में शामिल हुए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राजा पीटर अड़की। स्वर्गीय धनंजय पातर की सुपुत्री के विवाह समारोह में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राजा पीटर शामिल हुए। समारोह में राजा पीटर ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजा पीटर ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके समस्याओं को सुनकर उन्हें आश्वासन दिया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित वर्ग की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है और वह इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे। शादी समारोह में अड़की के कई गणमान्य लोग, रिश्तेदार और मित्रगण भी उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल में अकीदत के साथ मनायी गयी बकरीद

# मस्जिदों और ईदगाह में उमड़ी भीड़, बच्चों में दिखा उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में सोमवार को ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द और सादगी के साथ मनायी गई। बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में भारी भीड़ देखी गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिदो और ईदगाह मे अपने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। बचरा जामा मस्जिद मे सुबह सात बजे बकरीद की नमाज अदा की गयी। बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने नमाज पढ़ायी, जिसके बाद क्षेत्र, राज्य और देश की खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई। वही क्षेत्र के बहेरा, कल्याणपूर, न्यु मंगरदाहा,राय और पुरानीराय मे भी अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गयी। नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर त्योहार की बधाई दी। वही बच्चों मे भी त्योहार का उत्साह देखा गया और बच्चो ने भी एक दुसरे के गले मिलकर उत्साह मनाया। इधर नमाज के बाद लोगो ने अपने अपने घरो में बकरे की कुबार्नी दी। इधर दुसरी ओर त्योहार को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया। पिपरवार क्षेत्र के सभी जगहो पर आपसी भाईचारगी व शांतिपूर्ण माहौल मे बकरीद का त्योहार मनाया गया। इधर बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने बकरीद की नमाज के बाद अपने तकरीर में कहा कि जकात अदा करने वाले सभी मुस्लमानों पर कुबार्नी फर्ज है, कुबार्नी से आफत और बला दुर होती है और खुशहाली आती है। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगो को ईद उल अजहा बकरीद की बधाई दी, साथ ही राज्य और देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगा।

## खूंटी में धूमधाम से मनायी गयी बकरीद पढ़ी गयी विशेष नमाज, दी गयी कुर्बानी



**खूंटी।** जिला मुख्यालय खूंटी सहित जिले के सभी प्रखंडों और ग्रामीण इलाको में त्याग, बलिदान और प्रेम का त्योहार ईद उल अजहा सोमवार को आपसी भाईचारा के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के कर्रा रोड स्थित जामा मस्जिद में सुबह दो पालियों में, जबकि पाशा कॉलोनी स्थित मस्जिद ए जोहरा और जन्नत नगर स्थित मदीना मस्जिद तथा कौसर मस्जिद में सुबह एक-एक पाली में ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गयी।

## युवक पर गिरा पेड़, हुई मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जरियागढ थाना क्षेत्र के देशवाली ग्राम के पास पेड़ के गिर जाने से और उसमें दबकर जयराम हमेरोम(उम्र 36 वर्ष) नामक किसान की मौत हो गयी। जयराम चिदी गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार सोमवार को जयराम हेमरोम देशवाली ग्राम के टांड मे पेड़ के नीचे खडा था। उसीी दौरान उसके ऊपर एक पेड़ गया और जयराम उसमें दब गया, जिससे मौत हो गयी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 जून, 2024
www.azadsipahi.in



### केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार जोन्हा पहुंचे संजय सेठ का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

# चुनरी फॉल को किया जायेगा विकसित : संजय सेठ

### कहा- शहीद जीतराम बेदिया को उचित सम्मान दिलाने और संसद भवन में उनकी फोटो लगवाने का करेंगे प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची से दूसरी बार सांसद निर्वाचित होकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद संजय सेठ सोमवार को पहली बार जोन्हा पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह- जगह उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी मंत्री जी का फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। संजय सेठ जोन्हा के बाद सीताडीह पहुंचे और शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके समक्ष कई मांगों को रखा। केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शहीद जीतराम बेदिया को उचित सम्मान मिले और संसद भवन में उनकी फोटो लगे इसको लेकर भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने चुनरी फॉल को विकसित करने का भी आश्वासन दिया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री के जोन्हा स्कूल मोड़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं, कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी को मिठाई खिलाकर जीत और केंद्र में मंत्री बनने की बधाई दी। केंद्रीय मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, डॉ राजाराम महतो, भाजपा नेता मुकेश मुक्ता, राजन साहू, बसंत साहू, रेखा देवी, खुशबु साहू, मनोज मुंडा, जगरनाथ शाही, आजसू के राजेंद्र शाही मुंडा, बिरेंद्र सिंह भोगता, बुधराम बेदिया, बाबूलाल बड़ाईक, रामदास बेदिया समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।





जोन्हा और सीतागढ़ी पहुंचे केंद्रीय मंत्री संजय सेठ का जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता।

## टाटीसिलवे में रक्षा राज्यमंत्री सांसद संजय सेठ का हुआ स्वागत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को भाजपा टाटीसिलवे मंडल के कार्यकर्ताओं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का भव्य स्वागत किया। गौरतलब हो कि दूसरी बार रांची लोकसभा से जीत हासिल करने के बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढ़ गई है। टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया। राजेंद्र महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा राज्यमंत्री रांची सांसद संजय सेठ को बनाकर झारखंड का मान और सिर ऊंचा किया है। मुझे विश्वास है कि सांसद संजय सेठ अपने कामों से लोगों का ध्यान खीचेंगे और देश का मान-सम्मान बढ़ाएंगे। वहीं, संजय सेठ ने कहा कि जीत के बाद क्षेत्र का भ्रमण जारी है। मौके पर कर्लल वीरेंद्र सिंह, सरयुग प्रसाद, प्रभुदयाल बड़ाईक, राजन साहू, अमित कुमार मिश्रा, सोहन मुंडा, सिंदाम सिंह मुंडा, राजेश यादव, राजेश मिश्रा, रामकृष्ण महतो, मुक्तिनाथ मिश्रा, प्रशांत किशोर, पुरुषोत्तम मिश्रा, जगदीश नायक, केसी सिंह, राजू नायक, राजेंद्र शाही मुंडा, विनोद अग्रवाल, राजाराम मुंडा, पुनीत गोयल, हलधर मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, समीर बनर्जी, बसंत मिश्रा, पप्पू सिंह, माधुरी देवी, ललिता देवी, नीतू, डिंपल, निधि, गुड़िया, सरिता, सावित्री, सोनम, रागिनी, धरमती के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जनता के विश्वास पर खरा उतरने की रहेगी कोशिश : संजय सेठ

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ सोमवार को नामकुम बाजार सदाबहार चौक के समीप सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खिजरी विधानसभा की जनता ने जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने एवं विकास कार्यों को धरातल तक लाने का प्रयास करुंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा एवं खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने केंद्रीय का माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, भाजपा नेता रितेश उरांव, अनिता तिर्की, अशोक नायक, अखिलेश यादव, बिजेंद्र राय, प्रभाष झा, बिरसा पाहन, गोपाल चौधरी आदि थे।

## जनता की सेवा करना ही हम सभी का लक्ष्य है: संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा एवं सिकिदिरी मंडल के तत्वावधान में सोमवार को गोंदलीपोखर में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का भव्य स्वागत व नागरिक अभिनंदन किया गया। इससे पहले मंत्री ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि जनता के हम सेवक हैं और भाजपा परिवार का हर सदस्य खुद को सांसद और मंत्री की भूमिका में रहकर जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने किया। इस मौके पर रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, वरीय नेता विष्णु महतो, ननकु महतो, विशेश्वर चौधरी, देवनाथ महतो, शिवशंकर केसरी, डॉ रिझू नायक, हिमांशु शेखर चौधरी, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, सत्यदेव मुंडा, रोशनी खलखो, नरेश साहू, रामकृष्ण चौधरी, नीलकंठ चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाइक, बुधराम बेदिया, अनुराधा मुंडा, अजय कुमार महतो, जयशंकर मुंडा, दुर्गा महतो, रामसाय मुंडा, नंदलाल राम, शिवधर रजवार, दिलीप मिर्धा, राजेन्द्र महतो, सुनील कुमार महतो, दुर्गा पाहन, सोनू केसरी, पुशनाथ मुंडा, गौरीशंकर मुंडा, रामेश्वर महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगा आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आजसू आगामी 22 जून को अपने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को गोंदली पोखर में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। जनसरोकारों को लेकर जन आंदोलन और संघर्ष की बदौलत जनता के दिलों में आजसू ने एक अलग पहचान बनाई है। आगे भी हम अपने संघर्ष से ही संकल्पों को पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि खिजरी विस के एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। आजसू के केंद्रीय सचिव व खिजरी विस के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि सिर्फ. आजसू के पास ही स्पष्ट नीति और विचार है। हमारी पार्टी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। केंद्रीय सदस्य विरेंद्र सिंह भोगता ने कहा कि यह दुःखद है कि झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया। आजसू सिर्फ जीत की नहीं विकास की भी बात करती है। पार्टी के भावी कार्यक्रम को हम सभी मिलकर धरातल पर उतारेंगें। वहीं, ज़िला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा ने कहा कि 22 जून को आजसू अपने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के तौर पर मनायेगी। इस दिन विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजू नायक, ज़िला सचिव अजीत महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह, प्रेम साहू, किरण देवी, निर्मला देवी, किसुन महतो, हैप्पी लहरी, महावीर महतो, गोवर्धन महतो, लहरु महतो, पारसनाथ महतो, अनुज महतो, आसाराम महतो, अजीत महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## खुदा की रजा के लिए दी गयी कुर्बानी, अकीदत से मनी बकरीद



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को बकरीद का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। क्षेत्र के हुरहुरी, परहेपाट, पुरियो, कन्नौज, मुरगु, चितरकोटा, पाली, बिजुलिया, तिगरा, बाजपुर, हिसरी, भोंडा, आमटांड चापाटोली, अगडू, सिमलिया, फुटकल टोली, काठीटांड, बड़काटोली व तिगरा आदि गांवों की ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां सुबह 7 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दिया। वहीं, पूरे दिन क्षेत्र में शांति बनी रही। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किय गये थे। इसकी कमान थानेदार शशिभूषण चौधरी ने संभाल रखी थी।

## झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष की अगुवाई में मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक हुई। जिसमें बीपीओ एई-जेई, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक और ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित हुए। बता दे कि पलामू, पूर्वी सिंहभूम और गोड्डा में अध्यक्ष पद रिक्त था। वहां चुनाव कर क्रमशः पंकज सिंह, सुराई हेम्ब्रम, व्यास देव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में प्रखंड स्तर से संघ को मजबूत करने की जिम्मेवारी बीपीओ लोगों को दिया गया। ताकि आनेवाले समय में एक मजबूती के साथ सरकार से लड़ा जा सके। ज्ञात हो कि सत्ताधारी सरकार चुनाव पूर्व संविदा संवाद, रात्रि संवाद और कई चुनावी दौर में मनरेगा कर्मियों की सेवा नियमितीकरण करने की बात कही थी। पर अपने कार्यकाल में सिर्फ 500 से 1000 रुपये मानदेय में बढ़ोतरी कर सिर्फ मनरेगा कर्मियों को बरगलाने और ठगने का काम किया है। उच्च न्यायालय के नियमितीकरण के आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया। जिससे राज्य के सभी मनरेगा कर्मियों में आक्रोश है। अब मनरेगा कर्मी आर-पार की लड़ाई को कमर कस चुके है। महीने के अंत में संगठन बड़ा फैसला लेने को मजबूर होगा।

# तालाब में डूबने से मारे गये तीन बच्चों के शवों का हुआ अंतिम संस्कार, मांडर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

### बच्चों के माता-पिता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, ग्रामीणों की आंखें भी हुई नम

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** प्रखंड के सेमरा गांव में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी थी, जिनका स्थानीय मसना में सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, बच्चों की शव यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण शामिल थे। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी सेमरा गांव पहुंची और शोकाकुल परिवारों से मिल कर दुखः की इस घड़ी में उन्हें सांत्वना देते हुए ढांढ़स बंधया। वहीं, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, जिप सदस्य रीणा देवी, मुखिया रमेश महली सहित दर्जणों गणमान्य लोगों ने भी दुखी परिवारों से मिल कर संवेदना व्यक्त की। बतातें चलें कि रविवार को तालाब में नहाने के दौरान रविंद्र महली (9), प्रिंस तिग्गा (8) और हर्षित महली (6) की डूबने से मौत हो थी। तीनों बच्चे दोपहर 12 बजे गांव के तलाब में नहाने पहुंचे थे। तभी तीनों गहरे पानी चले गये जिससे डूब कर उनकी मौत हो गयी। तीनों बच्चे अपने माता पिता की इकलौते संताने थे। देर शाम तक बच्चों के घर नहीं पहुंचने पर परिजन उनकी तलाश में निकले। इसी बीच रात के आठ बजे तलाब के किनारे एक साईकिल और चप्पल पड़ा मिला। इसके बाद स्थानीय गोता खोरों द्वारा बच्चों की तलाश शुरू की गई। रात नौ बजे तक तीनों बच्चों के शवों को निकाला जा सका। बच्चों के शव मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक रविंद्र महली डहरू महली का एकलौता पुत्र था, जबकि हर्षित महली भी घर का एकलौता चिराग था। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां रंथू देवी का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, प्रिंस तिग्गा रवि तिग्गा का पुत्र है। पोस्टमार्टम के बाद शवों के गांव पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से पूरा महौल गमगीण हो उठा। बच्चों के माता पिता और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई बकरीद



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** त्याग एवं बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) सोमवार को नरकोपी व बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में आपसी भाईचारे व सौहार्द के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ही लोगों ने प्रखंड के केशा, चचकोपी, करांजी, तुको, नरकोपी, पीपर टोली, महरू, घाघरा, हांठू, बिल्टी, केनाभिठा व कादोजोरा गांव स्थित ईदगाहों व मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी गयी। वहीं, पर्व को लेकर शांति व्यवस्था के लिए सभी ईदगाहों एवं चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। प्रखंड के गांव एवं अन्य जगहों पर कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर सड़कों पर नरकोपी व बेड़ो पुलिस की गश्ती जारी रही।

## बकरीद पर मांगी गयी अमन-चैन की दुआ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद सोमवार को नगड़ी सहित पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगड़ी जमा मस्जिद में मौलाना अबु ओबैद, मदीना मस्जिद हाई स्कूल में मौलाना सज्जाद , बेलाल मस्जिद में मौलाना जेयाउर रहमान, एडचोरो जमा मस्जिद मौलाना नेयाज हैदर, साहेर जमा मस्जिद में मौलाना नेसार अहमद, बसील जमा मस्जिद में मौलाना मो मुस्तफा, न्यासराय जामा मस्जिद में मौलाना इमरान, जगरनाथपुर जामिया ईदगाह में हाफिज रिजवान, मटटोली ईदगाह में हाफिज सफीउल्लाह की इमामत में सैकड़ो लोगो ने बकरीद की विशेष नमाज अदा की। इसके बाद देश की एकता, अखंडता, भाईचारे, तरक्की व विश्व शांति की सामूहिक दुआ की गयी। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी।

## हर्षोल्लास के साथ मनी बकरीद

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के फतेहपुर में बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फतेहपुर के इस्लाम धर्मावलंबी सुबह सात बजे सभी नए वस्त्र पहन कर गोविंदपुर के ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे थे। इसके बाद एक- दूसरे को ईद मुबारक दी और गले मिले। साथ ही क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगते देखे देखे गए। गोविंदपुर के मस्जिद में साहिद रजा ने बकरीद का नमाज अदा करवाया। इसके बाद सभी अपने घर में बकरे की बलि देकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। गोविंदपुर इदगाह में फतेहपुर के अलावे रेहरगाड़ा, जम्हार, लारता के सैकड़ो नमाजियों ने नमाज अदा की। फिर सभी गले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गले मिले। लापुंग फतेहपुर के आलावे ककरिया, काटिंकेला में बकरीद की नमाज पढ़ी गई। लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव व गोविंदपुर इदगाह में जरियागढ़ पुलिस सदल बल मौजूद थी।

## जमीन विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिमलिय में जमीन विवाद में बाउंड्री की चहारदीवारी गिराने का विरोध करने पर मारपीट की घटना प्रकाश में आयी है। इसे लेकर भुक्तभोगी सिमालिया निवासी मंगल उरांव ने गांव के ही सरफराज अंसारी उर्फ सोनू के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। आवेदन देकर पुलिस को बताया कि 17 जून की रात दो बजे बाउंड्री तोड़ने की आवाज पर उठा तो देखा कि सिमलिया निवासी सरफराज अंसारी अपने कुछ अज्ञात दोस्तों के साथ मिलकर बाउंड्री तोड़ रहा है। उसने इसका विरोध किया तो सरफराज ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें मंगल के सिर व पीठ में चोट आई है। मामले को लेकर रातू थाने में भादवि की धारा 143, 149, 307, 323, 324, 341 और 347 के तहत कांड संख्या 204/24 दर्ज किया गया है। दूसरी ओर पुलिस आरोपितों तलाश कर रही है।

## नगड़ी प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन 24 को

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 24 जून को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर नारो नगडी बाजार टांड प्रांगण में हुई बैठक में मोर्चा के सदस्यों ने सर्वसम्मति से भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी सपोर तिग्गा ने किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, राजेंद्र महतो, भोला सिंह, अर्जुन प्रजापति, अनूप प्रजापति, अलाउद्दीन अंसारी, सुरेश महतो, बांदे उरांव, दानियल एक्का, त्रिलोकी महतो, अयोध्या महतो, नवल किशोर महतो आदि उपस्थित थे।

## ओरमांझी में हुई राहत की बारिश



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी के पसेशान ओरमांझी के लोगों को सोमवार की शाम हुई बारिश के बाद कुछ राहत मिली है। हालांकि बारिश के साथ आई तेज हवा के कारण बिजली गुल हो गयी। बिजली गुल हो जाने के कारण घर के अंदर उमस भरी गर्मी ने लोगों को बाहर रहने को विवश कर दिया। समाचार लिखे जाने तक बारिश, हवा, वज्रपात से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

## जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर बीसा में बैठक आज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीसा पंचायत में मगंलवार को जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें अनगड़ा अंचल से जुड़ी जमीन संबंधी समस्याओं को सामने रखा जाएगा और सीओ से इसका त्वरित निष्पादन करने की मांग की जाएगी। बैठक में अन्य पंचायत के लोगों को भी आने का आग्रह किया गया है। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान सह सांसद प्रतिनिधि उमेश बड़ाइक ने सोमवार को दी।

# एंबुलेंस के धक्के से वृद्ध की मौत

## आक्रोशित लोगों ने दो घंटे तक सड़क जाम की, पुलिस ने समझा-बुझा कर शांत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र स्थित दुबटिया मोड़ के समीप एनएच 98 पर सोमवार की सुबह नौ बजे को एंबुलेंस के धक्के से मोपेड सवार 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान पीपरा थाना क्षेत्र के टोला भांगा गांव निवासी केश्वर साव के रूप में हुई है। मृतक हरिहरगंज से धान का बीज खरीद कर अपने घर लौट रहा था। उधर, घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। मृतक के परिजन व आसपास के लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए एनएच 98 को जाम कर दिया। बाद में हरिहरगंज और पिपरा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने के आश्वासन के करीब दो घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार केश्वर साव धान का बीज खरीद कर मोपेड से घर लौट रहे थे। इसी बीच पिपरा की ओर मुड़ने के क्रम में पीछे से आ रही एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। दूसरी ओर, ग्रामीणों-परिजनों द्वारा सड़क जाम करने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेज दिया। वहीं, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि टक्कर मारने वाली एंबुलेंस की पहचान की जा रही है। जल्द ही उसे चालक को पकड़ लिया जायेगा।



सड़क हादसे के बाद अवरोध कर प्रदर्शन करते ग्रामीण व बिलखते परिजन।

# परिवार के सदस्यों की संख्या बढ़ने पर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पौधरोपण भी जरूरी : कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची शहर के कार्निवल बैंक्विट हॉल में रविवार को मेदिनीनगर शहर के निवासी दिवंगत सुदामा पंडित व स्व. सुमित्रा देवी के पुत्र समाजसेवी अविनाश देव की शादी दिल्ली के सुरिष्ठ राय की पुत्री कुमारी रानी से हुई। जिसमें विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के तहत वर-वधू को आशीर्वाद स्वरूप थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी (फला हुआ) आम का पौधा देकर उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जिस तरह मानव जीवन के क्रम को जारी रखने के लिए शादी विवाह जरूरी है ठीक उसी तरह उन्हें स्वस्थ्य रखने के लिए पौधरोपण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि परिवार की संख्या बढ़े तो पौधों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। इससे जीवन व प्रकृति दोनों का संतुलित बना रहता है। उन्होंने कहा कि बारातियों को दहेज में कुछ मिले या न मिले लेकिन उन्हें उपहार स्वरूप पौधा मिलना बहुत जरूरी है। कोरोना का जिक्र करते हुए कहा कि धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवन की जीने के लिए सबसे जरूरी ऑक्सीजन है। ऑक्सीजन किसी फैक्ट्री में नहीं मिलता है। इसके लिए पौधा लगाना होगा। पर्यावरण धर्म गुरु ने कहा कि आप हर संपत्ति को अर्जित कर सकते हैं, पर शुद्ध हवा प्रकृति से ही प्राप्त किया जा सकता है। जल संकट व बीमारी से बचने के लिए हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 11 मूल ज्ञान- मंत्रों को अपने जीवन में उतारने का अथक प्रयास करें। वहीं, कार्यक्रम में कुमार आदर्श, उत्कर्ष देव, बहन रीना, पूर्व स्पीकर सह रांची विधायक सीपी सिंह, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार, झामुमो प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टाचार्य, झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, केंद्रीय सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी,नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पांकी पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज एवं रुद्र शुक्ला, लाडले हसन, आप नेता राकेश तिवारी, अरगोड़ा थाना प्रभारी आनंद मिश्रा, विभाकर नारायण पांडेय आदि शामिल होकर वर- वधू के सुखमय जीवन की मंगल कामना की।



## जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी थाने-शस्त्रागार से ले सकेंगे अपना शस्त्र

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा हो चुकी है। जिस कारण पलामू जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर आधारित शस्त्रों को स्थानीय थाने व शस्त्रागार दुकान में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र को स्थनीय थाना/शस्त्रागार दुकान से प्राप्त कर लें। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य से सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से उनके शस्त्र को स्थानीय थाने या शस्त्रागार में जमा करवाया गया था।

## प्रभावित रैयतों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के एनएच 39 के निर्माण में प्रभावित प्रखंड के 20 गांव के रैयतों की बैठक रविवार को ग्राम चेतना के जतराटांड़ में हुई थी। जिसमें लिए गए निर्णय के आलोक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को रैयत समिति के शिष्ट मंडल, सतबरवा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सांसद वीडी राम को मिले और मांग पत्र सौंपा। समिति के पदाधिकारी सड़क निर्माण के दौरान रैयतों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया व जमीन के मुआवजे की राशि का निर्धारण को लेकर जानकारी दी।

## हुसैनाबाद वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में हमेशा समर्पित रहूंगा : अनिल कश्यप



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय हुसैनाबाद में झारखंड हाईकोर्ट के सिनियर एवं लीडिंग एडवोकेट अनिल कश्यप को सोमवार को अंग वस्त्र एवं मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि अनिल कश्यप जपला के ही मूल निवासी हैं। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई हुसैनाबाद बक्शी उच्च विद्यालय से की है। जपला जैसे छोटे शहर से निकलकर उन्होंने रांची में एक अलग पहचान बनाई और रांची हाईकोर्ट में लीडिंग एडवोकेट के रूप में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के सभी सदस्यों ने संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए जपला आगमन पर उन्हें कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन आपके बड़प्पन से आपका समाज और मातृभूमि लाभांवित होती है तो बड़प्पन की असली सकारात्मकता वहीं दिखाई देती है। अनिल कश्यप ने बहुत सारे जुडिसियरी और वकालत के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले क्षेत्र के गरीब बच्चों का मार्गदर्शक बनकर उनके लिए मददगार साबित हुए हैं। वहीं, अनिल कश्यप ने कहा कि हमें बहुत सुखद अनुभूति हो रही है कि हुसैनाबाद में कोई संगठन मुझे सम्मानित कर रहा है लेकिन इस सम्मान के असली हकदार वे लोग हैं जिन्होंने संघर्ष में मुझे आगे बढ़ाने में हमारी मदद की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में सदैव समर्पित रहूंगा। इस मौके पर पूर्व सैनिक दुखन सिंह, प्रेमतोष प्रसाद, आरटी मेहता, असर्फी पाल, सुमेर सिंह, सतेंद्र ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, गौरीशंकर ठाकुर, सुधीर सिंह, प्रसाद सिंह, उदय प्रताप सिंह व आलोक नाथ केशरी आदि थे।

## सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए संरक्षा एवं अनुरक्षण जरूरी : राजेश कुशवाहा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** समयबद्ध ट्रेनों के संचालन के लिए रेलकर्मी संरक्षा व अनुरक्षण के स्तर को और ज्यादा ऊंचा करें। ताकि ट्रेनों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ हो। उक्त बातें रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्यालय जपला में अनुरक्षण और संरक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भारतीय रेल सांकेतिक सेवा 2008 बैच के अधिकारी व डीडीयू रेल मंडल के सीनियर डीएसटीई राजेश कुमार कुशवाहा ने कही। उन्होंने ट्रेनों के संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने संबंधी तकनीक कवच, आटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग सिस्टम, ट्रैक सर्किट, एमएसडैग, इंटरलॉकिंग सिस्टम, मोटर प्वाइंट जैसे विभिन्न विन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए रेलकमीर्यों से लगातार सूक्ष्म तरीके से अनुरक्षण करने को कहा। सीनियर डीएसटीई ने रेलकर्मियों के बीच सैकड़ों ओआरएस वितरण भी की और हीट वेब से बचाव के उपाय भी बताए। इस दौरान रेलकर्मियों को हिदायत दी कि ट्रैक पर कभी भी मोबाइल फोन का उपयोग ना करें। चलते समय हमेशा ट्रेन की दिशा के विपरीत दिशा में चलें। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सेमिनार में एएसटीई अविनाश यादव, एसएसई जेपी भारती, अशोक कुमार राय, राजेश कुमार, हरिवंश राम, सुधांशु शेखर, एस शर्मा, टीसीएम विजय कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।








































### धनबाद पुलिस का कारनामा, सिटी एसपी ने की कार्रवाई, जांच शुरू

# रात को जब्त अवैध कोयला लदा ट्रक सुबह गायब, ओपी प्रभारी निलंबित

- रांची पुलिस मुख्यालय टीम की भाटडीह में अवैध कोलया तस्करों के खिलाफ छापामारी, हड़कंप
- पुलिस को देखते ही फरार हुए चालक, तस्कर-मजदूर


पुलिस की कार्रवाई में अवैध कोयला सहित जब्त किया गया ट्रक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/महुदा।** भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार को रविवार की शाम को सिटी एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया। बताते चलें कि भागाबांध ओपी क्षेत्र के बरारी कोक प्लांट शिव मंदिर के नजदीक छापामारी कर एक ट्रक को जब्त किया गया था, जिसमें अवैध कोयला लदा था। उसे भागाबांध ओपी को सौंप दिया गया था। लेकिन सोमवार की सुबह में ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गयी, जिसके बाद घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को मिलते ही कार्रवाई की गयी। सिटी एसपी ने ओपी प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। हालांकि ऐसा करने से पहले सिटी एसपी की पहल पर पूरी घटना की जांच की गयी, जिसमें भागाबाध ओपी के कार्य में लापरवाही दिखी। इसके बाद कार्रवाई की गयी। लोगों की मानें तो बरारी कोक प्लांट शिव मंदिर के निकट रंजीत आर्य एवं उसके सहयोगी मिल कर कोयल का अवैध कारोबार कई सालों से चला रहे हैं। कथित रूप से प्रशासन एवं मीडिया को मैनेज कर कोयले का अवैध धंधा निर्भीक होकर चलाया जा रहा है। कई बार छापामारी भी की गयी, लेकिन इसे कौन चला रहा है इसका पता नहीं चल पाता है। प्रशासन भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देता और गाड़ी पर केस कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। आरोपी खुलेआम अपने काम को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी ओर, रविवार की देर रात भाटडीह ओपी क्षेत्र के हीरक रोड पर पुलिस मुख्यालय ने दबिश देते हुए बड़ी कार्रवाई की। सूत्रों की मानें तो कोयले की अवैध खरीद बिक्री की शिकायत पर पुलिस मुख्यालय रांची से आयी टीम ने भाटडीह ओपी क्षेत्र समेत जिले के आधा दर्जन इलाकों में छापामारी अभियान चलाया। इस कड़ी में भाटडीह में संचालित अवैध खदानों से खनन कर रखे कोयले को हीरक रोड पर खड़ी ट्रकों में लादा जा रहा था। हालांकि छापामारी के दौरान पुलिस को देखते ही मजदूर, चालक और तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। वहीं टीम ने छापामारी कर वहां से तीन ट्रकों को 60 टन कोयला जब्त कर लिया। जिसे भाटडीह ओपी प्रभारी को सौंप दिया गया। ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह ने वरीय पुलिस के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक, मालिक एवं आधा दर्जन अज्ञात कोयला तस्करों के खिलाफ कांड संख्या 46/2024 भादवि की धारा 414/13, 421 एमएमडीआर एक्ट 7/9/13 माइंस एंड मिनीरल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया हैं। बताते चलें कि उक्त कार्रवाई से कोयला तस्करो में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय द्वारा अचानक की गयी इस कारवाई से स्थानीय प्रशासन समेत सीआईएसएफ, माइनिंग, वन विभाग पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि इतने बड़े पैयमने पर चल रहे अवैध कोयला कारोबार पर जिले के संबंधित विभाग कारवाई क्यों नहीं किया। अफसर आखिर क्यों नहीं कार्रवाई करते।

# कागजों पर ही किया गया नाली निर्माण आरटीआइ से हुआ घोटाले का पर्दाफाश

सुनाल भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के ग्यारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र में कागजों पर ही नाली का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। हालांकि पंचमोहली पंचायत के एक व्यक्ति द्वारा आरटीआई के माध्यम से राज्य सरकार से जो जानकारी मिली वह हैरान करने वाली है। दरअसल, आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार धनबाद जिले के ग्यारकुण्ड अंतर्गत पंचमोहली पंचायत के वार्ड संख्या दो में 500 मीटर लंबे नाली का निर्माण के नाम पर दो लाख 77 हजार 942 रुपये हड़प लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि वास्तव में ऐसी किसी नाली का निमार्ण कभी हुआ ही नहीं। तथाकथिक नाली के निर्माण के लिए नियुक्त किए गए जूनियर इंजीनियर ने किस नाली की गुणवत्ता जांच कर अपनी रिपोर्ट अंचल पधाधिकारी को सौंपी। पंचायत के प्रधान मुखिया, सरपंच और वार्ड ने कैसे नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के संबन्ध में अपनी स्वीकृति दी और अंचल पधाधिकारी ने क्यों नहीं मौके का मुआयना किया या करवाया, ताकि स्थानीय लोगों से वास्तविकता की जनकारी समाने आ पाती। इसमें मुखिया की क्या भूमिका रही? बीडीओ ने इस योजना को बंद करने का आदेश कैसे दिया? **आजाद सिपाही** के संवाददाता ने घटना से संबंधित मामले को लेकर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कैमरे के सामने किसी ने भी आने की हिम्मत नहीं की। वहीं, साथ ही नाली निर्माण करने वाले योजना अध्यक्ष एवं सचिव से संपर्क नहीं हो पाया।

वहीं, मुखिया ने आरोप लगाया कि बीडीओ विनोद कर्मकार के दबाव से ही अधूरे कार्य को कागज पर आनन-फानन में पूर्ण दिखाया गया। कहीं इस घोटाले में मुख्य भूमिका बीडीओ की तो नहीं? यह जांच का विषय है। वहीं, पंचायती राज के पदाधिकारी मुकेश कुमार बाऊरी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। फिलहाल इसकी जानकारी मिल रही है, जो जांच होगी। इसके बाद ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसएल की ज्ञान ज्योति योजना के तहत बिरहोर जनजाति के 12 बच्चों के नये बैच का आगमन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** सेल-बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के 'ज्ञान ज्योति योजना' अंतर्गत बिरहोर जनजाति के 12 बच्चों के नए बैच का आगमन हुआ> बीएसएल द्वारा गोद लिए गए सभी 12 नए बिरहोर बच्चों को गोमिया प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी द्वारा बीएसएल संचालित बिरहोर बाल निवास, प्रशिक्षु छात्रावास के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस दौरान बोकारो जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के अलावा बीएसएल के सीआरके सुधांशु महाप्रबंधक (एल एंड ए), अशोक कुमार उप प्रबंधक (सीएसआर), बहादुर सिंह छात्रावास वार्डेन (सीएसआर), गौरव रंजन (सीएसआर) आदि मौजूद थे। बतातें चलें कि ज्ञान ज्योति योजना के तहत बोकारो स्टील प्लांट सभी गोद लिए बच्चों को गुणवत्तायुक्त प्राथमिक से आईटीआई तक की शिक्षा, ड्रेस सामग्री, छात्रावास में रहने की व्यवस्था, भोजन और अन्य सभी दैनिक कार्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है। इस वर्ष गोद लिए गए बिरहोर बच्चों को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में प्रवेश मिलने की संभावना है। बिरहोर बच्चों का नया बैच वर्ष 2036 में बारहवीं कक्षा/आईटीआई तक की पढ़ाई पूरी करेगा। उल्लेखनीय है कि बिरहोर समुदाय के बच्चों के प्रथम बैच को वर्ष 2001 में सेल-बीएसएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के ज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत अपनाया गया था जो कि 2012-13 में पास आउट हुए। उसी क्रम में वर्ष 2011 में 15 बिरहोर बच्चों के दूसरे बैच को गोद लिया गया था जिसे अगस्त 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# हेवी ब्लास्टिंग व गोलीबारी में घायल लोगों से मिली रागिनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** घनुआड़ीह ओपी अंतर्गत मोहरी बांध में संचालित आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग से वहां के घर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई लोग घायल हो गए। जिससे अक्रोषित लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस पर प्रबंधन ने उनपर कथित रूप से लाठियां बरसाने के साथ ही फायरिंग भी करा दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए। उन्हें धनबाद एसएनएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना पाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह घायलों से मिलने अस्पताल पहुंच गयीं। वहां घायलों और उनके परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और डॉक्टरों से बात कर जल्द से जल्द इलाज शुरू करने को कहा। रागिनी सिंह ने प्रशासन से घटना के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। ऐसा नहीं करने पर मजदूर हित की हर लड़ाई लड़ने की बात कही।

## निरसा पुलिस ने करायी अवैध खनन की भराई

**एग्यारकुंड (आजाद लिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत थापरनगर स्थित श्यामपुर पंचायत के पहाड़ी बस्ती में कोल तस्करों द्वारा कुआंनुमा खदान बनाकर रात के अंधेरे में अवैध खनन कर कोयले की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को उसकी भराई करा दी। कहने को तो इन दिनों अवैध कोयले की खनन व तस्करी पुरी तरह से बंद है लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। अगर अवैध कोयला बंद है तो बीच-बीच में प्रशासन को छापामारी के दौरान अवैध कोयला कैसे मिल जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन की छापामारी के कुछ घंटे बीतने के बाद ही अवैध कोयले की तस्करी दोबारा शुरू हो जाती है। खदान भराई के कुछ ही दिन बीतने के बाद दोबारा खुदाई कर कोयले की अवैध निकासी शुरू हो जाती है।

# घानूडीह में एंटी देवप्रभा कंपनी के गुर्गों का तांडव, फायरिंग, धरने पर बैठी विधायक

## ढुल्लू महतो और अमर बाउरी ने की आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बीसीसीएल एरिया 10 के कुजामा परियोजना में काम कर रही एंटी देव प्रभा आउट सोर्सिंग के संचालक और उनके बॉडीगार्ड पर सोमवार की दोपहर दो बजे ग्रामीणों पर फायरिंग करने और महिलाओं को लाठी डंडे से पीटने का आरोप लगा है। जिसमें जागो भुइयां को नामक ग्रामीण दाहिने कंधे में गोली लगी है, जिसका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है, जबकि कई अन्य लोग घायल भी हुए है। वहीं, घटना के विरोध में ग्रामीणों मे मोहरीबांध में झरिया-बलियापुर मुख्य सड़क पर टायर जलाकर बंद कर दिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी ग्रामीणों के समर्थन में धरने पर बैठ गयीं। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बन गया। खबर पाकर सिंदरी एसडीपीओ, भूपेंद्र रावत, डीएसपी लॉ एंड दीपक कुमार ऑर्डर घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार समेत आठ से 10 थाने की पुलिस पहुंच गयी। धरना पर बैठे ग्रामीण और झरिया विधायक देव प्रभा आउट सोर्सिंग के मलिक एलबी सिंह, संचालक कुंभनाथ सिंह और उसके बॉडीगार्ड की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। वही वहीं, धनबाद सांसद दुल्लू महतो भी पहुंच गये। कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, तक कंपनी का चक्का जाम रहेगा। लगभग आधे घंटे रुकने के बाद सांसद वापस निकल गये। वहीं, घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया की हैवी ब्लास्टिंग से कोलयरी से बड़े-बड़े पत्थर उड़कर घरों में गिरे जिससे कई लोग चोटिल हो गये। पहले भी हैवी ब्लास्टिंग से पत्थर उड़कर घर में गिरते रहे है। आज जब विरोध में ग्रामीण आउट सोर्सिंग प्रबंधन के पास गए तो उधर से ग्रामीणों पर फायरिंग शुरू हो गयी। साथ ही लाठी चार्ज किया जाने लगा। इस दौरान करीब एक दर्जन फायरिंग की गयी, जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गयी। ग्रामीणों का कहना है कि जबतक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होगी, धरना पर बैठे रहेंगे। वहीं, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि आउट सोर्सिंग संचालक द्वारा कई जगह मारपीट की गई है। अब घनुवाडीह में ग्रामीणों के साथ मारपीट की गयी। प्रशासन एफआइआर दर्ज कर उनको गिरफ्तार करे। जबतक गिरफ्तारी का आश्वासन नहीं मिलेगा धरना जारी रहेगा। वहीं, एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी दीपक कुमार प्रशासन की ओर से 24 घंटा का समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी की जायेगी। हालांकि उन्होंने फायरिंग की घटना से इन्कार किया है। कहा कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। उधर, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह प्रशासन को कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर दोषी नहीं पकड़ा गया, तो पूरे झरिया विधानसभा क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग को बंद कर दिया जायेगा। वहीं, पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में जंगल राज चल रहा है। यहां की सरकार की जनता की फिक्र नहीं है। जिस तरह परियोजना में स्थानीय लोगों के साथ मारपीट और गोली चलने की घटना घटी वह काफी निंदनीय है।

# मां सर्वतीर्थ व पिता संपूर्ण देवताओं का स्वरूप : अमरेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की ओर से धनबाद में पहली धैया स्थित आमंत्रण में फादर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर सीबी मेहता, अध्यक्ष नीतू तिवारी, झारखंड राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा, विख्यात समाज सेवी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह, एचके पाठक, अशोक वर्मा और वैभव सिन्हा आदि ने किया। वहीं, मिंटू ठाकुर के नेतृत्व में गोमो के बैक स्टेज संस्था ने रामू रिक्शा वाला नाटक का मंचन किया। जिसकी सभी ने सराहना की। इसके बाद जोहर चौधरी, ओम कुमार, अशोक वर्मा, एक्सट्रीम यंगस्टर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, अपने संबोधन में नीतू तिवारी ने कहा कि पिता के त्याग को समझना मुश्किल है। जबकि डॉक्टर सीबी मेहता ने कहा कि संस्था की सोच काफी बड़ी हैं। अशोक गिरी ने कहा कि पिता के योगदान को आंका नहीं जा सकता है। वहीं, वैभव सिन्हा ने कहा कि पिता है तो सब कुछ है। उनका साया उठ जाने से कैसा खालीपन महसूस है इसे समझना मुश्किल है। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को आंवला पेड़ और जय माता दी का पत्ता देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीपमाला मेहता, देवयांति, अनुपमा सिंह, आशा रॉय, नरेंद्र भारती, नवल किशोर पांडे, विष्णु अग्रवाल आदि थे।

# मनमाने तरीके से किये जा रहे जीर्णोद्धार का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने रोका काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार।** प्रखंड के सिंहपुर पंचायत अंतर्गत करमा गांव के शंकरडीह टोला स्थित बड़ा तालाब का जिर्णोद्धार सरकारी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय रैयत किसानों का आरोप है कि जिर्णोद्धार कार्य मनमानी तरीके से की जा रही है। तालाब का रकवा साढ़े तीन एकड़ से ज्यादा है। तालाब में गाद भरने के बावजूद डेढ़-दो एकड़ में जलक्षेत्र हुआ करता है। लेकिन संवेदक द्वारा तालाब के दक्षिणी छोर में तालाब की मिट्टी उठाकर भरा जा रहा है। वहीं तालाब के चारों ओर 50 फीट का मेड़ बनाया जा रहा है। जिससे तालाब संकीर्ण हो रहा है। जलक्षेत्र आधे से कम हो जायेगा। ग्रामीण रैयतों के अनुसार जिस उद्देश्य से तालाब का जिर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है उसपर पानी फिर जायेगा। जब सिंचाई क्षेत्र घट जायेगा तो जिर्णोद्धार कार्य से क्या लाभ होगा। रैयतों ने सोमवार को जिर्णोद्धार कार्य बंद करा दिया है। रैयतों के अनुसार तालाब के तीन ओर मात्र 15 फीट का मेड़ रखा जाए। वहीं एक ओर उत्तर दिशा की 20-25 फीट रखा जाए जिससे पानी ज्यादा रुके। तालाब का सारा मिट्टी व गाद दूर ले जाकर फेंकें। तभी आगे का कार्य करने दिया जायेगा। इसकी शिकायत रैयतों ने बोकारो डीसी एवं भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय को दे दी है। उल्लेखनीय है कि तालाब का शिलान्यास व सूचना पट्ट गायब है। जिससे आम लोगों को पता ही नहीं चल रहा है कि तालाब का जिर्णोद्धार कार्य किस मद की राशि से संबंधित विभाग किस कार्य एजेंसी से करा रही हैं। यह भी नहीं पता चलता है कि तालाब का संवेदक या पानी पंचायत कौन-कौन से लोग हैं। मौके पर रैयत नित्यानंद महतो, हरिहर महतो, दीपक महतो, राजेश्वर महतो, कपिलेश्वर महतो, सर्वेश्वर महतो, मधूसुदन महतो, सूरजनाथ महतो, अनिल महतो, अर्जुन महतो, परमेश्वर महतो, अशोक महतो व नंदलाल महतो आदि मौजूद रहे।

# बेरमो में हर्षोल्लास से मना बकरीद का त्योहार, प्रशासन सतर्क

## ड्रोन कैमरा से रखी गयी क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर, रात-दिन चली गश्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया गया। कोयलांचल के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल अजहा की दो रिकअत नमाज इमामों ने पढ़ाई। मुसलमानों ने बकरीद की नमाज अदा कर अपने परिवार, देश-दुनिया व क्षेत्र की सलामती की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दिये।


ईद उल अजहा की नमाज अदा करते अल्पसंख्याक समाज के लोग।

### 13 स्थानों पर अदा की गयी नमाज

बेरमो थाना क्षेत्र के 13 स्थानों पर सुबह में लोगो ने बकरीद की नमाज अदा की। जिसमें करगली फुटबॉल ग्राउंड, महिला मंडल सहित राजाबेड़ा के अंसारी मोहल्ला और शाह मोहल्ला, भेड़मुक्का, पटेल नगर के मदनी मस्जिद और मक्का मस्जिद, रहीमगंज, बीडीओ ऑफिस के रजा नगर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, अमलो बस्ती, सुभाष नगर खनका, रामनगर मदरसा शामिल है।

### बच्चों में दिखा जबरदस्त उत्साह

फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस, रहीमगंज, भेड़मुक्का, पटेलनगर व रजानगर, स्टाफ क्वाटर, घुटियाटांड, करगली, सुभाषनगर, अमलो, चलकरी बस्ती आदि इलाकों की मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह होते ही ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने के लिए बच्चों से लेकर बड़ों तक की भीड़ जुटने लगी। इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आए। वहीं, नमाज के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बेरमो पुलिस की कड़ी निगरानी थी। सभी मस्जिदों व ईदगाहों के निकट प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ ही स्थानीय पुलिस के जवान और अधिकारी मुस्तैद रहे। बेरमो एसडीएम अशोक कुमार, डीएसपी बशिष्ट नारायण सिंह, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, बीडीओ मुकेश कुमार के नेतृत्व में जगह-जगह पेट्रोलिग की टीम मोर्चा संभाले हुए तत्पर दिखी। इस बार पुलिस प्रशासन ने विधि व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया था। बेरमो पुलिस ने पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरा से भी नजर बनाई हुई थी।

## मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

# किसानों की स्थिति में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता : माझी

- चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा
- मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति के लिए तैयार रहने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को जल संसाधन अधिकारियों को चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभाग के शीर्ष अधिकारियों को विलंबित मानसून के दौरान पानी का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने के लिए भी कहा। उन्होंने विभाग को आगामी मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति के प्रबंधन के लिए तैयार रहने की सलाह दी। विकास आयुक्त अनु गर्ग, जो जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं और अधिकारियों की एक टीम ने आज मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के किसानों की स्थिति में सुधार उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें पानी उपलब्ध कराने में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों से किसानों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री ने रेल दुर्घटना में जान गंवानेवालों पर शोक व्यक्त किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाई गुड़ी में हुई रेल दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। घटना को बेहद दुखद बताते हुए मृतक के परिवार ने अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री श्री माझी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण आज, स्पीकर का चुनाव 20 जून को

- विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए विधानसभा में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को होगा। सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे। 20 तारीख को स्पीकर का चुनाव होगा। तीन दिवसीय सत्र के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। पुलिस महानिदेशक अरुण षड़ंगी ने विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस आयुक्त संजीव पंडा और पुलिस निदेशक सौमेंद्र प्रियदर्शी भी मौजूद थे।

इस तीन दिवसीय अधिवेशन को लेकर पुलिस महानिदेशक अरुण षड़ंगी ने विधानसभा के अंदर और परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है। सदन के परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। केवल पास धारक ही सदन में प्रवेश कर सकते हैं। 75 पुलिस पदाधिकारियों के साथ 8 प्लाटून पुलिस की नियुक्ति की जायेगी।

# खोरधा रोड मंडल ने गहन टिकट जांच अभियान चलाया

- रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से प्राप्त यात्री शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए मंडल नियंत्रण कक्ष में वॉर रूम खोले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा रोड।** ग्रीष्म काल और त्योहारों के मौसम को देखते हुए आरक्षित डिब्बों में अनारक्षित टिकट धारकों की यात्रा को रोकने और वास्तविक यात्रियों को सुखद यात्रा प्रदान करने के लिए खोरधा रोड मंडल द्वारा गहन टिकट जांच अभियान शुरू किया गया है। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों, टिकट जांच कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा खोरधा रोड मंडल के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली सभी ट्रेनों की जांच की जा रही है। यात्रियों में केवल सही टिकट के साथ यात्रा करना के बारे में



जागरूकता पैदा करने के लिए अनियमित और बिना टिकट धारकों को ट्रेनों से उतारा जा रहा है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। टिकट जांच अभियान के तहत 15 जून को खोरधा रोड मंडल पर वाणिज्य टिकट जांच और रेल सुरक्षा बल कर्मचारियों द्वारा 28 से अधिक ट्रेनों की जांच की गयी। कुल 635 अनधिकृत टिकट वाले यात्रियों को आरक्षित कोचों से उतार दिया गया और 356 यात्रियों पर 1,50,880 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यात्रियों में केवल अधिकृत कोचों में अधिकृत टिकट के साथ यात्रा करने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए सभी रेलवे स्टेशनों पर पीए सिस्टम के माध्यम से नियमित घोषणाएं की जा रही हैं।

खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा के मार्गदर्शन में यात्रियों की शिकायतों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के लिए मंडल नियंत्रण कार्यालय में एक वॉर रूम स्थापित किया गया है। सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा इस वॉर रूम को नियंत्रित किया जा रहा है, ताकि प्राप्त होने वाली यात्री शिकायतों का सही समय पर समाधान किया जा सके।

मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने सभी रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे यात्रा के लिए सही यात्रा प्राधिकार का उपयोग करें और अपनी ट्रेन यात्रा के दौरान खुद को तथा सह यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा से बचायें। साथ ही यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी ट्रेन यात्रा के दौरान किसी भी तरह की असुविधा के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नंबर 139 की मदद लें।

# 25000 जगहों पर आर्ट ऑफ गिविंग दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय 'आर्ट ऑफ गिविंग ' दिवस का 11वां संस्करण आज भारत समेत विश्व के लगभग 25,000 स्थानों पर मनाया गया। ओड़िशा में यह दिवस 35 शहरों में मनाया गया। इसमें 30 जिलों के मुख्यालय, साथ ही हर ब्लॉक और 6,500 पंचायतें शामिल हैं। हर साल आर्ट ऑफ गिविंग अलग-अलग थीम पर आधारित होती है, और इस साल की थीम 'लेट्स एओजी' थी। दुनिया भर में शांति, दोस्ती और खुशी को बढ़ावा देने, जब भी और जहां भी जरूरत हो मदद के लिए हाथ बढ़ाने, सभी के साथ दोस्ती स्थापित करने और सभी का सम्मान करने के लिए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा 17 मई 2013 को विश्व व्यापी आर्ट ऑफ गिविंग के सहारे इस आंदोलन की शुरुआत की गयी थी, तब से, हर साल 17 मई को दुनिया भर में विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग यानी देने की कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल आम चुनावों के मद्देनजर इसे 17 जून को स्थानांतरित कर दिया गया था।

वर्तमान में आर्ट ऑफ गिविंग के 20 मिलियन से अधिक संयोयक और 10 मिलियन सदस्य हैं, जो वैश्विक स्तर पर इसका संदेश फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे एहसास हुआ कि मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी व्यक्तिगत रूप में अनुभव किया और हासिल किया वह आर्ट ऑफ गिविंग के इर्द-गिर्द घूमता है। मेरे जीवन को तीन शब्दों में संक्षेपित किया जा सकता हैः आर्ट ऑफ गिविंग। आज, समाज के विभिन्न वर्गों के लाखों लोग आर्ट ऑफ गिविंग अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित हुए हैं।

डॉ सामंत, जिन्होंने मात्र चार साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया और गरीबी में पले-बढ़े, बचपन से ही मदद और प्यार और स्नेह पाते रहे हैं। अपने बचपन से ही, वे छोटी-छोटी नौकरियों से मिलने वाली छोटी-छोटी रकम से दूसरे गरीब और असहाय ग्रामीणों की मदद करने में कभी नहीं हिचकिचाते थे। देने की इसी भावना ने अंततः आर्ट ऑफ गिविंग को जन्म दिया।

## ओड़िशा के बालेश्वर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, धारा 144 लागू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में बालेश्वर के सुनहट इलाके में सोमवार को दोपहर को अचानक दो समुदायों के बीच झड़प हो गयी। इसके बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गयी है। वहीं, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। झड़प में कई पुलिसवालों समेत मीडिया से जुड़े लोग घायल हो गये हैं। घटनास्थल पर एसपी समेत पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद हैं। वहीं, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। झड़प में कई पुलिसवालों समेत मीडिया से जुड़े लोग घायल हो गये हैं। घटनास्थल पर एसपी समेत पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद हैं।

## ट्रैक्टर से टकरायी कार, बर्थडे पार्टी मना कर जा रहे चार युवकों की मौके पर मौत

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** नुआपाड़ा जिला खड़ियाल थाना अंतर्गत लच्छीपुर चौक के निकट रविवार की आधी रात घटी दुर्घटना में चार युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। यह चारों युवक खड़ियाल थाना इलाके के बताये गये हैं। गौशाला इलाके में रहने वाले ऋषि साहू के बड़े भाई शुभम साहू का जन्मदिन था। बड़े भाई शुभम के जन्मदिन में छोटे भाई ऋषि ने अपने कुछ दोस्तों को आमंत्रित किया था। जन्मदिन का केक काटने और भोज के बाद ऋषि और उसके तीन साथी किसी काम से टाटा टियागो कार लेकर निकले थे। कार जब खड़ियाल-भवानीपाटना राजमार्ग से होकर गुजर रही थी, तभी कार और सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गयी।

# एमसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ किया गया। 30 जून तक आयोजित इस पखवाड़े के तहत कंपनी मुख्यालय सहित विभिन्न परिचालन क्षेत्रों तालचेर, ईब वैली एवं बसुंधरा आदि क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की जायेगी।

इस अवसर पर उदय अनंत काओले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलायी और इस अभियान का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में श्री काओले नें स्वच्छता संदेश को आसपास के क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने के लिए 'स्वच्छता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना की। इस अवसर पर केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त), एएस बापट, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों/महाप्रबंधकगण आदि उपस्थित थे। इस स्वच्छता रथ के माध्यम से परिधीय क्षेत्रों के जन मानस को अपने परिवेश को साफ रखने और दैनिक जीवन में प्लास्टिक से दूर रहने के लिए प्रेरणात्मक संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएमडी श्री काओले ने स्वच्छ और हरित भारत के राष्ट्रीय उद्देश्य को साकार करने के लिए कंपनी के सभी हितधारकों को स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के दौरान सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**